वर्ष : 33 ▸ अंक : 127 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 23 जुलाई 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

आज पेश होगा Modi 3.0 का पहला बजट



अंतरिम बजट 2024-25

₹92 वीं बार बजट पेश किया जाएगा

₹11 बजे लोकसभा में बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री

₹91 बार बजट पेश किया जा चुका है देश में अब तक

10 बार बजट पेश किया मोरारजी देसाई ने

इकोनॉमिक सर्वे 2024-25 संसद में पेश ● सिलेंडर सस्ता होने से ईंधन महंगाई घटी

# मोदी सरकार का हिसाब-किताब हुआ पेश

- GDP ग्रोथ 7% रहने का अनुमान
- हर साल 78.5 लाख नौकरियों की जरूरत

**अमित बृज । नई दिल्ली**


23 जुलाई 2024 को मोदी सरकार यूनियन बजट लेकर आने वाली है। आम बजट से ठीक एक दिन पहले सरकार संसद में आर्थिक सर्वे पेश कर दिया। करीब दोपहर 2 बजे राज्यसभा में इसे रखा गया। आर्थिक सर्वे में सरकार के खर्चों से लेकर कमाई तक का ब्योरा दिया जाता है।

### LPG, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती

इकोनॉमिक सर्वे में कहा गया है कि सरकार ने LPG, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की। इससे रिटेल ईंधन महंगाई दर FY24 में नीचे बनी रही। वहीं इसमें वित्त वर्ष 2025 के लिए GDP ग्रोथ 6.5 से 7% रहने का अनुमान लगाया गया है। इकोनॉमिक सर्वे में ये भी कहा गया है कि बढ़ती वर्कफोर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए सालाना लगभग 78.5 लाख नौकरियां पैदा करने की जरूरत है।

### क्या होता है सर्वे में?

वित्त मंत्रालय का आर्थिक मामलों का विभाग हर साल केंद्रीय बजट से ठीक पहले संसद में इकोनॉमिक सर्वे पेश करता है। इसे संसद के दोनों सदनों में पेश किया जाता है। सर्वे में पिछले 12 महीनों में भारतीय अर्थव्यवस्था में हुए डेवलपमेंट की रिव्यू होता है।




### यहां लग सकता है देश को झटका

इकोनॉमिक सर्वे में सरकार की ओर से जहां देश की जीडीपी ग्रोथ अनुमान जाहिर किया गया, तो वहीं इस आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार ने एक बड़ी चुनौती का भी जिक्र किया है। सरकार का कहना है कि ग्लोबल चुनौतियां की वजह से एक्सपोर्ट के मोर्चे पर देश को थोड़ा झटका लग सकता है, लेकिन सरकार इसको लेकर भी पूरी तरह से सतर्क है। इसमें कहा गया है कि ग्लोबल बिजनेस में चुनौतियां पेश आने की आशंका है। दरअसल, ग्लोबल अनिश्चितता से कैपिटल फ्लो पर असर देखने को मिल सकता है।

### रोजगार को लेकर पेश की यह तस्वीर

देश की इकोनॉमी की हेल्थ की पूरी तस्वीर पेश करने वाले इस इकोनॉमिक सर्वे में रोजगार को लेकर डाटा पेश किया गया है। इसमें कहा गया है कि जनसंख्या अनुपात में ग्रोथ के साथ कोरोना महामारी के बाद से देश की सालाना बेरोजगारी दर में गिरावट दर्ज की जा रही है।



## इकोनॉमिक सर्वे से जुड़ी बड़ी बातें

- एग्रीकल्चर सेक्टर को खराब मौसम, घटते जलाशयों और फसलों के नुकसान के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसका असर कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर पड़ा। इससे वित्त वर्ष 24 में खाद्य महंगाई बढ़कर 7.5% हो गई। 2023 में ये 6.6% थी।
- पीएम–सूर्य घर योजना से 30 गीगावॉट सौर कैपेसिटी जुड़ने की उम्मीद है। इस पहल का उद्देश्य सोलर वैल्यू चैन में लगभग 17 लाख नौकरियां पैदा करना है। पीएम–सूर्य घर योजना इस साल फरवरी में 75,021 करोड़ रुपए की लागत के साथ शुरू की गई थी।
- इंडियन इकोनॉमी को बढ़ती वर्कफोर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए नॉन–फार्म सेक्टर में 2030 तक सालाना औसतन लगभग 78.5 लाख नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। सर्वे में ये भी बताया गया है कि 65% आबादी 35 वर्ष से कम है, फिर भी कई लोगों के पास आवश्यक स्किल का अभाव है। अभी, केवल 51.25% युवा ही रोजगार योग्य है।
- रिटेल इन्वेस्टर्स के फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग में बढ़ते पार्टिसिपेशन को लेकर इकोनॉमिक सर्वे में कहा गया है कि इस तरह की स्पेकुलेटिव ट्रेडिंग का भारत जैसे विकासशील देश में कोई स्थान नहीं है। इसमें कहा गया है कि ये पूरी इकोनॉमी के लिए हानिकारक हो सकता है।
- FY26 तक राजकोषीय घाटा GDP का 4.5% या उससे कम होने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में पेश अंतरिम बजट में भी ये बात बताई थी। वहीं वित्त वर्ष 2024–25 में राजकोषीय घाटा 0.7% कम होकर 5.1% रहने का अनुमान लगाया गया था।
- वित्त वर्ष 2024–25 में भारत की GDP ग्रोथ का अनुमान 6.5 से 7% तक बताया गया है। वहीं इसमें बताया गया है कि वित्त वर्ष 2024 में भारत की रियल GDP 8.2% की दर से बढ़ी। ये लगातार तीसरा साल है जब GDP 7% से ज्यादा दर्ज की गई।



# शिंदे MET पवार



शाह के सरगना अटैक के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिले शरद पवार | दोनों नेताओं के बीच गेस्ट हाउस सह्याद्री में हुई बैठक

## सिंचाई, दूध की कीमतों और चीनी मिलों के मुद्दे पर चर्चा

**नितिन तोरस्कर । मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह बैठक मालाबार हिल इलाके में राज्य सरकार के गेस्ट हाउस सह्याद्री में हुई और इस दौरान सिंचाई, दूध की कीमतों और चीनी मिलों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इस साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले दोनों नेताओं के बीच हुई इस महत्वपूर्ण मुलाकात को अहम माना जा रहा है।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

समाचार एजेंसी पीटीआई ने एक सरकारी अधिकारी के हवाले से बताया कि दोनों नेताओं ने सिंचाई, दूध की कीमतों और चीनी मिलों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। यह मुलाकात सीएम शिंदे द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को दोहराते हुए पवार को 'भ्रष्टाचार का सरगना' कहने के एक दिन बाद हुई। सीएम ने विपक्षी एमवीए से अपने कार्यों पर विचार करने का आग्रह किया। पुणे में भाजपा के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने पवार को 'सरगना' करार दिया था, जिन्होंने देश में भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दिया और उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का मुखिया कहा था।

### पुणे में शाह ने भरी थी हुंकार

पुणे में आयोजित बीजेपी के एक दिवसीय सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी पार्टियों पर खूब भड़ास निकाली। लोकसभा चुनाव में हार के लिए उन्होंने उद्धव ठाकरे और शरद पवार के झूठे प्रचार को वजह बताया। उन्होंने दावा किया कि भले ही उन्हें महाराष्ट्र में कम सीटें मिली, लेकिन पार्टी को मिलने वाले वोटों में कमी नहीं आई है। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश करेगी और फिर से महायुति से सरकार बनेगी। शरद पवार को सरगना कहने पर एनसीपी शरद पवार गुट की राष्ट्रीय प्रवक्ता सीमा मलिक ने कहा कि शरद पवार को लोग भारतीय राजनीति का पितामह मानते हैं। शरद पवार का खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मान करते हैं। बहुत दुख का विषय है कि गुरु पूर्णिमा के दिन अमित शाह ने शरद पवार पर इस तरह का आरोप लगाया है।

## गेटवे से समुद्र में कूदकर हीरा व्यापारी ने की आत्महत्या

**मुंबई।** कोलाबा के एक 65 वर्षीय हीरा व्यापारी ने होटल ताज के सामने अरब सागर में कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मरने वाले मृतक की पहचान संजय शांतिलाल शाह के रूप में की है। जो कोलोबा स्थित महालक्ष्मी के शीला अपार्टमेंट में अपनी पत्नी, बेटे, बहू और पोते-पोतियों के साथ रहता था। पुलिस के अनुसार, शाह बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपने कार्यालय से हीरे का कारोबार करता था और उसे व्यापार में भारी नुकसान हुआ था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया है। मृतक के परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि वह मधुमेह और रक्तचाप से पीड़ित था और पिछले दो-तीन वर्षों से उसे भारी घाटा हो रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, सुबह करीब सात बजे शाह यह कहकर घर से निकले कि वह सुबह की सैर पर जा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने एक टैक्सी ली और ड्राइवर से बांद्रा-वर्ली सी लिंक तक ले चलने को कहा। टैक्सी ड्राइवर के बयान से पता चला कि उसने शुरू में बांद्रा वर्ली सीलिंक से कूदकर अपनी जान देने की योजना बनाई थी,क्योंकि शाह दो बार सी लिंक पर कर गया था और पूजा से जुड़े फूल समुद्र में फेंकने के बहाने उसने ड्राइवर से कई बार गाड़ी रोकने को कहा था। लेकिन ड्राइवर ने ट्रैफिक अधिकारियों द्वारा भारी जुर्माने का हवाला देते हुए गाड़ी रोकने से इनकार कर दिया था।

दायित्वनामा

# टमाटर-सी है जिंदगी



कहते हैं कि जीवन का अर्थ इसमें है कि हमने इसे कैसे जिया, हमने इस दुनिया को कैसे समृद्ध किया। हमारा होना किसी के लिए क्या मायने रखता है..! हम समझते हैं कि जिंदगी टमाटर सी है। आज भारत में टमाटर ने खुद के महत्व को साबित कर दिया है। इस कदर कि जिस टमाटर का मूल्य कम होने से परेशान किसान कभी सड़कों पर फेंक दिया करते थे, वही टमाटर आज सब्जी मंडी में सोने की तरह तौला जा रहा है। 100 रुपए किलो टमाटर बेचा-खरीदा जा रहा है। जिन लोगों की सब्जी से टमाटर गायब हो गया वे बड़ी बेबसी से टमाटर को निहार रहे हैं। मनुष्य का जीवन ठीक ऐसा ही है। कभी उसे इतना मान मिलता है कि वह हर किसी की नजर में ऊंचा होता है। तो कभी उसे कोई पूछता नहीं है। अब सवाल यह है कि टमाटर को जीवन से जोड़कर यह पूरा मामला दायित्वनामा के माध्यम से लोगों के संज्ञान में लाने का औचित्य क्या है..?

हम समझते हैं कि वर्तमान जीवन में लोगों के पास धन, संसाधन की कमी नहीं है, ऐसे में जीवन एक उत्सव हो जाना चाहिए था, पर लोग पहले से ज्यादा अकेले हो गए हैं। कारण वही टमाटर वाली बात सामने है कि जब लोगों का भाव टमाटर की तरह ऊंचाई पर होता है तब वे किसी को कंसीडर करते समय संवेदनाओं को बगल में रखते हैं और जैसे ही भाव उतरता है, तो वे संसार की ओर संवेदनाओं की आस से देखते हैं। तब उन्हें महसूस होता है कि इंसान होने की एक जिम्मेदारी भी है। और वह जिम्मेदारी है, अपनी खोल से बाहर झांककर दूसरे का नजरिया भी समझना। जब बात इंसान की खोल तक आ गई है, तो यहां यह स्पष्ट करना ही होगा कि यह मामला क्या है? दरअसल, हम मानते हैं कि कलयुग सा कोई युग नहीं। यह समय बराबरी के मौकों का है, यह समय है जब गलत को गलत और सही की एक ही परिभाषा है। वैसे तो यह युग सभी युगों से बेहतर है, पर इस युग की सबसे बड़ी समस्या है, हद से ज्यादा तृष्णा। व्यक्ति की तृष्णा इतनी बड़ी है कि उसकी प्यास बुझने का नाम ही नहीं लेती। वह पैसे, शक्ति और सम्मान के पीछे इस कदर दौड़ रहा है कि उसे पीछे छूटती इंसानियत नहीं दिखती।

वह सुविधाओं की गाड़ी इतनी तेज गति से चला रहा है कि उसे अपने अलावा सड़क के किसी और को देखने की फुर्सत ही नहीं है। ज्यादातर लोग बस दौड़ते जा रहे हैं। हर कोई आज के टमाटर की तरह महंगा होने की फिराक में है। इसके लिए वह कुछ भी करने को तैयार है। इधर टमाटर की शान देखने के बाद प्याज भी पीछे कैसे रहती, वह भी 46.90 रुपए प्रति किलोग्राम, आलू 41.90 रुपए प्रति किलोग्राम, तुरी 60 रुपए किलो, फ्रेंच बीन्स 90 रुपए किलो, भिंडी 50 रुपए किलो, टिंडा 120 रुपए किलो, हरी शिमला मिर्च 120 रुपए किलो, बैंगन (छोटा) 50 रुपए किलो, बैंगन (बड़ा) 59 रुपए किलो है। कहने का अर्थ है कि भारत जैसे गरीब देश में जहां बहुसंख्यक आबादी की आय एक किलो टमाटर के मूल्य से कम है। वहीं एक व्यक्ति हजारों करोड़ की सिर्फ शादी करता है।



अरुण लाल
arunlal.y@gmail.com

शान शौकत ऐसी कि लोगों को अपनी हीनता का एहसास हुआ। पर हम फिर उसी बात पर टिके हुए हैं, जिंदगी टमाटर की तरह है। आज यह 100 रुपए है तो कल कोई इसे 10 में भी नहीं पूछेगा। इतिहास में महानतम लोग हुए, धन, सम्मान और शक्ति से भरपूर, आज वे नहीं हैं, उनके वंशजों का भी पता नहीं है कहीं। सो हम सभी का दायित्व बनता है कि हम याद रखें कि सब अगले पल छूट जाने वाला है, सो कुछ ऐसा करें कि जब हम टमाटर की तरह नीचे आएं तब भी हमारा होना संसार के लिए मायने रखे।


## शिक्षक सेवकों के मानधन में 10 से 11 हजार रुपए तक बढ़ोतरी

**334 शिक्षक सेवकों को मिलेगा लाभ**

**मुंबई।** प्रदेश सरकार ने आदिवासी अनुदानित आश्रम स्कूलों के शिक्षक सेवकों के मानधन में बढ़ोतरी की है। अनुदानित आश्रम स्कूलों के प्राथमिक शिक्षक सेवकों को अब प्रति महीने 6 हजार रुपए के बजाय 16 हजार रुपए और माध्यमिक शिक्षक सेवकों को 8 हजार रुपए के बदले 18 हजार रुपए मानधन मिल सकेगा। जबकि उच्च माध्यमिक शिक्षक सेवकों को 9 हजार रुपए से बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दिया गया है। सोमवार को आदिवासी विकास विभाग ने इस बारे में शासनादेश जारी किया है। इसके मुताबिक इन शिक्षक सेवकों का मानधन 1 जनवरी 2023 से लागू माना जाएगा। आदिवासी विकास विभाग के स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से चलाए जाने वाले अनुदानित आश्रम स्कूलों के शिक्षक सेवकों को बढ़े हुए मानधन का लाभ मिल सकेगा। स्वयंसेवी संस्थाओं के 556 अनुदानित आश्रमस्कूलों के कुल 334 शिक्षक सेवक लाभ पा सकेंगे। इससे पहले बीते 5 जुलाई को राज्य मंत्रिमंडल ने मानधन बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। सरकार ने राज्य के स्कूली शिक्षा विभाग के शिक्षक सेवकों के तर्ज पर मानधन की राशि बढ़ाई है।

## 14 दिन की न्यायिक हिरासत में पूजा की मां

**नई दिल्ली।** UPSC सिलेक्शन को लेकर विवादों में घिरीं ट्रेनी IAS पूजा खेडेकर की मां को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुणे पुलिस ने उन्हें सोमवार को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया था। मनोरमा पर किसानों को पिस्टल से धमकाने और जमीन हड़पने का आरोप है। सोशल मीडिया पर मनोरमा का 2023 का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में मनोरमा जमीन को लेकर एक किसान को पिस्टल दिखाकर धमका रही हैं। पुलिस ने 18 जुलाई को उन्हें रायगढ़ के महाड के एक होटल से गिरफ्तार किया था। वे यहां एक लॉज में कैब ड्राइवर के साथ रुकी थीं। उन्होंने ड्राइवर को अपना बेटा बताया था।



पूजा खेडकर विवाद से सबक

## महाराष्ट्र पब्लिक सर्विस कमिशन आधार कार्ड से करेगा कैंडिडेट को वेरिफाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र की ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर मामले में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद अब महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग (MPSC) एक्शन मोड में आ गया है। महाराष्ट्र संघ लोकसेवा आयोग ने परीक्षा में पंजीकरण की जांच के लिए आधार का उपयोग करने की शुरुआत कर दी है। महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (MPSC) ने उम्मीदवारों की पहचान सत्यापित करने और डुप्लिकेट को रोकने के लिए हाल ही में हुए परीक्षा पंजीकरणों के लिए आधार सत्यापन शुरू किया है। प्रशिक्षु IAS पूजा खेडकर विवाद के बाद आयोग ने दस्तावेजों की जांच तेज की है। आयोग ने खेल कोटा पात्रता की आगे की जांच के लिए दो उम्मीदवारों के परिणाम रोक दिए गए हैं। महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (MPSC) ने सिविल सेवाओं और अन्य परीक्षाओं के लिए हाल ही में हुए सभी पंजीकरणों का आधार प्रमाणीकरण शुरू किया है। MPSC सचिव सुवर्णा खराट ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया कि इस कदम का उद्देश्य उम्मीदवारों की पहचान की प्रामाणिकता सुनिश्चित करना और डुप्लिकेट नामांकन को रोकना है। आधार के डाटा से जांच में डुप्लीकेट को रोका जा सकेगा।

# बंबई उच्च न्यायालय ने मुंबई पुलिस और बीएमसी को लगाई फटकार

## हॉकरों के खिलाफ राज्य की मशीनरी फेल

एजेंसी । मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने मुंबई पुलिस और बीएमसी को शहर भर में अवैध फेरीवालों की बार-बार होने वाली समस्या को हल करने में विफल रहने के लिए कड़ी फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति महेश सोनक और न्यायमूर्ति कमल खता की खंडपीठ पुलिस और बीएमसी द्वारा अपनी "कार्रवाई रिपोर्ट" प्रस्तुत करने के लिए समय मांगने पर नाराज थी। न्यायाधीशों का गुस्सा तब फूट पड़ा जब एक दुकानदार ने उन्हें बताया कि पहले भी फेरीवालों को हटाने के बावजूद, उन्होंने एक बार फिर उनकी दुकान के प्रवेश द्वार पर अतिक्रमण कर लिया है और कोई भी व्यक्ति दुकान में मुश्किल से प्रवेश कर सकता है। पीठ ने अगली सुनवाई 30 जुलाई तक स्थगित करते हुए कहा, हमें उन लोगों से भी सहानुभूति है जो इसके पात्र नहीं हैं। लेकिन कानून का उचित तरीके से पालन किया जाना चाहिए। हम इन लोगों के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन आपको उन्हें लाइसेंस देने पर विचार करना चाहिए, ताकि वे भी कानूनी फेरीवाले बन सकें।



### "यह क्या हो रहा है"

नाराज न्यायमूर्ति खता ने मौखिक रूप से टिप्पणी की है कि, "यह क्या हो रहा है? आप इस आवर्ती समस्या का समाधान कब लाएंगे? हमने पिछले महीने एक आदेश पारित किया था, फिर भी आप अपने हलफनामे के साथ तैयार नहीं हैं और फिर यह सब जारी है। यह नागरिकों का सरासर उत्पीड़न है। जो लोग कानून का पालन करना चाहते हैं, उन्हें परेशान किया जा रहा है और उन्हें पीड़ित किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि पूरी राज्य मशीनरी ध्वस्त हो गई है।

### पुलिस और बीएमसी मिलकर निकालें हल

हम नागरिकों से यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे रोजाना अदालतों में आते रहें। आप क्या चाहते हैं, क्या ये नागरिक इस अदालत में आकर बैठेंगे और यहीं से काम करेंगे क्योंकि उनके परिसर पर अतिक्रमण किया गया है। इसके अलावा न्यायाधीशों ने मुंबई पुलिस का प्रतिनिधित्व करने वाली सरकारी वकील पूर्णिमा कंथारिया से कहा कि पुलिस को बीएमसी के साथ मिलकर इस मुद्दे का समाधान निकालना चाहिए।

# रियल एस्टेट एजेंटों की 5वीं परीक्षा 29 जुलाई को

**24 केंद्रों पर ऑनलाइन आयोजित होने वाली इस परीक्षा में 5260 योग्य उम्मीदवार होंगे शामिल**

दोपहर दीपक पवार । मुंबई



रियल एस्टेट क्षेत्र के अन्य 5260 उम्मीदवारों ने आवश्यक प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और 29 जुलाई को राज्य के 24 केंद्रों पर आयोजित होने वाली ऑनलाइन परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है। इस परीक्षा में राज्य भर से मुंबई से 3081, पुणे से 1533, नागपुर से 518, नासिक से 40, संभाजीनगर से 28, कोल्हापुर से 21, सांगली से 20, अमरावती और जलगांव से 7 और नांदेड़ से 5 उम्मीदवार भाग लेंगे।

### अब तक 4 बार हुई परीक्षा

अब तक 4 बार हुई परीक्षा में करीब 10 हजार अभ्यर्थी पास हो चुके हैं. राज्य में करीब 47 हजार एजेंट पंजीकृत थे. इनमें से 13 हजार 785 एजेंटों का पंजीयन नवीनीकरण न होने के कारण निरस्त हो चुका है। फिर, अप्रैल के अंत में, महारेरा ने 31 दिसंबर तक प्रशिक्षण और प्रमाणन आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहने वाले 20,000 से अधिक एजेंटों के पंजीकरण को निलंबित कर दिया और उन्हें कुछ शर्तों के अधीन क्षेत्र में काम करने से प्रतिबंधित कर दिया। इस कार्रवाई के चलते अब बिना सर्टिफिकेट के इस क्षेत्र में काम करना संभव नहीं होगा। इस बात से आश्वस्त होने के बाद चौथी परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या जो घटकर 1700 रह गई थी वह पांचवीं परीक्षा में 5 हजार हो गई है।


# महाविकास अघाड़ी को 20 बागी विधायकों की तलाश

## देवेंद्र फडणवीस के खुलासे से मचा हड़कंप

एजेंसी । मुंबई

महाराष्ट्र विधान परिषद की 11 सीटों के लिए 12 जुलाई को संपन्न हुए चुनाव में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के तीसरे उम्मीदवार की शर्मनाक हार हुई थी। ऐसा माना जा रहा है कि कांग्रेस के 7 विधायकों की क्रॉस वोटिंग के कारण महाविकास को खामियाजा भुगतना पड़ा था। कांग्रेस से गद्दारी करने वाले अपने दगाबाज विधायकों के खिलाफ कार्रवाई पर मंथन चल ही रहा है इसी बीच उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 20 विधायक तोड़ने के नए दावे से एमवीए में हड़कंप मच गया है। डीसीएम फडणवीस ने रविवार को पुणे में विपक्ष पर हमला करने के दौरान कहा था कि आप (विपक्ष) हमारे विधायक तोड़ने का दावा कर रहे थे लेकिन आपके 20 कब निकल गए, आपको पता ही नहीं चला। हमने आपके झूठ का गुब्बारा फोड़ना शुरू कर दिया है। हमने विधान परिषद में आपके खिलाफ गुब्बारे में पीन कोंची। फडणवीस के इस दावे के बाद महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में घात करनेवाले अपने 20 विधायकों पर मंथन शुरू हो गया है।

### इन पर है क्रॉस वोटिंग का संदेह



कांग्रेस में बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक जिशान सिद्दीकी, इगतपुरी के विधायक हिरामन खोसकर और देगलूर के विधायक जितेश अंतापुरकर पर प्रमुख रूप से क्रॉस वोटिंग करने का संदेह व्यक्त किया जा रहा है। हालांकि इन विधायकों ने साफ शब्दों में कहा है कि वे कांग्रेस के ही साथ है तथा उन्हें बेवजह बदनाम किया जा रहा।

### शिंदे से मिले कांग्रेसी विधायक हीरामन

क्रॉस वोटिंग के संदिग्ध विधायकों पर विधानसभा चुनाव से पहले गाज गिरने की आशंका जताई जा रही है। अपना टिकट कटने की आशंका को देखते हुए विधायक प्रतिकार की तैयारी के साथ-साथ दूसरे विकल्प की तैयारियों में भी जुट गए हैं। इनमें शामिल जिशान पहले ही अपना टिकट कटने पर बांद्रा-पूर्व में सांगली पैटर्न दोहराने की तैयारी दर्शा चुके हैं तो वहीं कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर तीखा हमला करने के बाद खोसकर ने पहले उप मुख्यमंत्री अजीत पवार से मुलाकात की थी और बाद में उन्होंने सीएम एकनाथ शिंदे से भी मुलाकात की थी। दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री तथा बीजेपी के राज्यसभा सदस्य अशोक चव्हाण के करीबी माने जानेवाले अंतापुरकर के बीजेपी में जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# जल जीवन मिशन पर टास्क फोर्स का गठन

दोपहर संवाददाता । मुंबई/नई दिल्ली

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील ने कहा कि जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत राज्यों में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए केंद्रीय स्तर पर एक टास्क फोर्स गठित किया गया है। इसके तहत अधिकारी राज्यों में चल रहे कार्यों का प्रत्यक्ष स्थल पर जाकर मुआयना करेंगे। केंद्रीय मंत्री पाटील ने सोमवार को यह जानकारी राज्यसभा में कांग्रेस सांसद अशोक चव्हाण के उस प्रश्न के जवाब में दी, जिसमें सांसद ने महाराष्ट्र में अन्य राज्यों के मुकाबले जल जीवन मिशन के कामों की गति धीमी गति पर सवाल उठाया था। सांसद चव्हाण ने राज्यसभा में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना का कार्य अपेक्षित गति से जारी नहीं होने का मुद्दा सरकार के संज्ञान में लाते हुए कहा कि देशभर में इस योजना के तहत कार्य अच्छे चल रहे है। महाराष्ट्र



में भी काम चल रहे है, लेकिन इसकी गति बेहद धीमी है। निर्धारित समय में काम होते हुए नहीं दिख रहे है। उन्होंने कहा कि कामों का बजट और इसके कार्यान्वयन के लिए नियुक्त निजी संस्था द्वारा अपेक्षा के अनुसार काम पूरे नहीं किए जा रहे है। इस पृष्ठभूमि में उन्होंने सरकार से मांग की है कि वह योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा करें, निजी संस्थाओं द्वारा उचित तरीके से काम नहीं किए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई और जरूरत के अनुसार संबंधित कामों के लिए निधि उपलब्ध कराई जाए।

# सेंचुरी स्कूल के पास धोखादायक पेड़, दुर्घटना होने की आशंका

**मनसे नेता ने प्रशासन से की शिकायत**

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

कल्याण-मुरबाड राज्य राजमार्ग के किनारे सेंचुरी स्कूल के पास दो सूखे हुए बड़े पेड़ हैं, जो भारी बरसात के कारण कभी भी गिर सकते हैं। इससे दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है, जिसे लेकर मनसे नेता मैनुद्दीन शेख मनपा प्रशासन को सूचित किया गया। मैनुद्दीन शेख ने सोशल मीडिया के जरिए आग्रह किया है कि वर्तमान मानसून की स्थिति को देखते हुए यह पेड़ किसी भी समय गिर सकते हैं और एक बड़ी दुर्घटना हो सकती है. यह पेड़ राज्य राजमार्ग के किनारे पर है और सैकड़ों मोटर चालक, पैदल यात्री, स्कूली छात्र और अभिभावक यहां से रोजाना आते-जाते हैं। इस मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए मनपा प्रशासन



को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा हादसे के लिए प्रशासन स्वम जिम्मेदार होगा।

# ठाणे जिले में फैला ऑनलाइन अवैध लॉटरी का कारोबार



दोपहर आनंद शुक्ला । उल्हासनगर

- भाजपा विधायक के शिकायत के बाद भी नहीं बंद हो रहा है गैर कानूनी धंधा
- करोड़ों रुपए का हो रहा राज्य सरकार को नुकसान
- ऑनलाइन अवैध लॉटरी कारोबार में लगा अंडरवर्ल्ड का पैसा

ठाणे जिले में अवैध ऑनलाइन लॉटरी का कारोबार बहुत ही तेजी के साथ फैल रहा है, जिससे इस ऑनलाइन अवैध लॉटरी के कारोबार में युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है, लेकिन शासन-प्रशासन मौन धारण किए हुए हैं। ऑनलाइन अवैध लॉटरी चालकों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। जिससे ऑनलाइन अवैध लॉटरी चालकों के हौसले बुलंद है और वह पूरे थाना जिले में अवैध ऑनलाइन लॉटरी का कारोबार धड़ल्ले से कर रहे हैं। बताया जाता है कि ऑनलाइन लॉटरी का कारोबार तेलगी से भी बड़ा घोटाला है और असली लॉटरी के नाम पर यह गैर-कानूनी ऑनलाइन अवैध लॉटरी का कारोबार करके महाराष्ट्र सरकार को रोजाना करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। इस वर्षाकालीन विधानसभा सत्र में उल्हासनगर के विधायक कुमार अयलानी ने महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र देकर मांग की है ठाणे जिले में जो भी ऑनलाइन लॉटरी चलाया जा रहा है उसको तत्काल बंद किया जाए। लेकिन उनके द्वारा मांग किए जाने के बाद जो लॉटरी के धंधे बंद थे, वह विधानसभा सत्र खत्म होते ही वह फिर से शुरू हो गया। ठाणे जिला अवैध लॉटरी के कारोबार का गढ़ बना हुआ। बता दें कि वर्ष 2023 दिसंबर के अंतिम तारीख में पुलिस ने अवैध लॉटरी का कारोबार करने वाले लोगों के ऊपर छापा मार कर ऑनलाइन लॉटरी को बंद कर दिया था। उस समय ठाणे जिला पुलिस आयुक्त का पदभार आशुतोष डुमरे ने लिया था और अवैध ऑनलाइन लॉटरी चालकों के ऊपर कारवाई की गई थी। इस मामले में पुलिस ने ललित पटेल और संदीप गायकवाड के खिलाफ मामला दर्ज किया था।इन लोगों के खिलाफ तीन-तीन मामला दर्ज किया गया था। काफी समय तक यह लोग फरार थे और उसके बाद किसी तरह इन्होंने जमानत ले ली। अब फिर इन लोगों ने अवैध लॉटरी का कारोबार डोंबिवली, कल्याण, कोलसेवाडी,अंबरनाथ, उल्हासनगर शहर में विभिन्न ठिकानों में शुरू कर दिया। ऑनलाइन लॉटरी माफिया ने लॉटरी का अपना निजी सॉफ्टवेयर बनाकर रखा हुआ है और वह उस सॉफ्टवेयर का उपयोग करके जनता से लॉटरी के नाम पर करोड़ों रुपया लूट रहे हैं।

## पर्यावरणीय मंजूरी के लिए महाराष्ट्र की कोई भी सिंचाई परियोजना केंद्र के विचाराधीन नहीं

दोपहर संवाददाता । मुंबई

केंद्रीय पर्यावरणीय और वन संबंधी स्वीकृति के अभाव में राज्यों सरकारों की चाहे वह सिंचाई हो या अन्य कई परियोजनाएं लंबित पडी है। ऐसे में महाराष्ट्र ऐसा राज्य है जिसकी कोई सिंचाई परियोजना केंद्र सरकार के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लंबित नहीं है। इसका मतलब यह कि प्रदेश में ऐसी कोई भी सिंचाई परियोजना नहीं जिसका निर्माण कार्य केंद्रीय पर्यावरणीय मंजूरी के अभाव में ठप पड़ा है। चंद्रपुर से सांसद डॉ नामदेव किरसान ने सोमवार को लोकसभा में पर्यावरणीय मंजूरी के लिए लंबित परियोजनाओं का ब्यौरा मांगा था। इसके जवाब में केंद्रीय पर्यावरण, वन और



जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने यह जानकारी दी। मंत्री ने परिवेश पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के आधार पर बताया कि महाराष्ट्र सरकार की कोई सिंचाई परियोजना केंद्र सरकार की पर्यावरणीय मंजूरी के लिए विचाराधीन नहीं है।

## दो घरों की खिड़की से चोर ने किया 6 मोबाइल फोन चोरी

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

शांतिनगर पुलिस स्टेशन अंतर्गत अज्ञात चोर ने एक ही इलाके में दो घरों को निशाना बनाया है। चोर ने दो घरों की खिड़की से 97 हजार मूल के विभिन्न कंपनी के 6 मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गया। जिसकी तलाश में पुलिस सरगर्म है। जानकारी के मुताबिक रामनगर इलाके स्थित पानी की टांकी के पास रहने वाले शहजाद नसीम शाह 24 के घर अज्ञात चोर ने घटना को तब अंजाम दिया जब वे घर में गहरी नींद सो रहे थे। तभी चोर ने खिड़की से घर में प्रवेश कर घर में रखे 90 हजार रूपये कीमत के 5 मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गया है। इसी तरह उसी इलाके के रहने वाले इरफान कैसर शेख 20 के घर चोर ने खिड़की से हाथ डाल कर किचन में रखा 7000 रूपये कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया है।

# आरएन विद्यालय के चल रहे अवैध निर्माणाधीन इमारत में मासूम विद्यार्थियों की जिंदगी से खिलवाड़

दोपहर संवाददाता । ठाणे

मनपा क्षेत्र के अंतर्गत दिवा प्रभाग समिति हमेशा अवैध निर्माण कार्य को लेकर सुर्खियों में बना रहता है। वहीं दिवा आग़ासन में आर्यन विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज के चल रहे अवैध निर्माण कार्य की इमारत में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले मासूम विद्यार्थियों के जान से स्कूल प्रशासन खिलवाड़ कर रहा है।स्थानीय समाज सेवक अमोल केंद्रे ने यह सवाल उठाया है कि चल रहे निर्माणाधीन कार्य के समय यदि कोई हादसा हुआ तो इसका जिम्मेदार कौन मनपा



प्रशासन या स्कूल प्रशासन? समाज सेवक केंद्रे ने कहा कि लिखित शिकायत मनपा प्रशासन के आला अधिकारियों को देने के बावजूद भी मनपा प्रशासन किसी बड़े हादसे के इंतजार में कुंभकर्णी निंद्रा में सो रही है। साथ ही उन्होंने ने यह भी मनपा पर आरोप लगाया कि राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व तत्कालीन मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने अवैध निर्माण कार्य को बढ़ावा देने वाले अधिकारियों निलंबित कर फौजदारी मामला दर्ज करने के लिए आदेश दिया था लेकिन उस आदेश को ताक पर रखकर संबंधित अधिकारी धृतराष्ट्र बने हैं ।साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान आयुक्त सौरभ राव ने भी अवैध निर्माण कार्य जमींदोज करने के लिए निर्देश मनपा के सभी संबंधित अधि-कारियों को दिया है लेकिन अधिकारी अपनी जेब भरने के लिए आँखों पर पट्टी बांध रखें है ।समाज सेवक अमोल केंद्रे ने कहा मनपा ने जल्द से जल्द इस अवैध निर्माणाधीन स्कूल पर कार्रवाई नही किया तो अपने सहयोगियों के साथ आंदोलन करने के लिए इशारा किया।

# शौचालय चालक से लूट, तीन गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी के नारपोली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने सार्वनिक शौचालय के चालक से लूट की थी और चाकू हवा में लहराते हुए शौच करने आने वालों में दहशत निर्माण किया था ।

पुलिस के अनुसार भंडारी कंपाउंड स्थित स्वामी मेडिकल के पीछे शिखर सेवा संघ द्वारा सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है। जहां शनिवार की रात साढ़े ग्यारह बजे के करीब देवजी नगर के रहने वाले विकास धनाजी भोसले उर्फ विकी 29 , राजेश शिवराम पुजारी 34 और विकास मुकुंद धोत्रे 29 , इन तीनों आरोपियों ने शौचालय चालक व कामगार सरफराज शेख तथा शौचालय में शौच करने आने वाले लोगों के साथ गाली गलौज तथा मारपीट करने लगे। जिसके



बाद उक्त आरोपियों ने शौचालय चालक समीम मल्लिक को चाकू दिखा कर गल्ले से 500 रूपये जबरदस्ती ले लिया और चाकू हाथ में लेकर वहां मौजूद लोगों से कहा कि अगर कोई बीच में आया तो उसे काट देंगे। नारपोली पुलिस ने शौचालय सफाई कामगार समीम आलम मल्लिक 33 की शिकायत पर तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 311 (3), (5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# ऑटो चालक ने किया नाबालिग को किडनैप

- तेजाब फेंकने की भी दी धमकी
- पोक्सो के तहत मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे में ऑटो रिक्शा चालक द्वारा 17 वर्षीय एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पिड़िता को किसी और से संबंध जारी रखने को लेकर उस पर तेजाब फेंकने की धमकी भी दी है। बताया जा रहा है कि मनपाड़ा पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ पोक्सो के धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़की का अपहरण करने और किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध जारी रखने को लेकर उस पर तेजाब फेंकने की धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित और आरोपी पहले से एक-दूसरे को जानते थे। बीते शनिवार (20 जुलाई) की सुबह करीब 10 बजे कल्याण-शील रोड पर विको नाका के पास आटोरिक्शा चालक नितेश गायकवाड़ ने नाबालिग लड़की को जबरन अपने रिक्शे में खींच कर बिठाया और उसके हेडफोन छीनकर फेंक दिए।



### पीड़ित के हाथ और गला दबाया

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने पीड़िता का सिर रिक्शे की लोहे की छड़ से टकराया और उसे लेकर चला गया। कुछ दूर जाकर गायकवाड़ ने एक पेड़ के नीचे रिक्शा रोका, पीड़ित के हाथ और गला दबाते हुए उसने उस पर किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध रखने का आरोप लगाया।

### पोक्सो के तहत प्राथमिकी दर्ज

अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने नाबालिग को अपने साथ संपर्क बनाए रखने को कहा और धमकी दी कि अगर उसने ऐसा करने से मना किया तो वह उसकी पढ़ाई बाधित कर देगा और उसके चेहरे पर रसायन फेंक देगा। मनपाड़ा पुलिस थाने ने अपहरण, मारपीट और धमकी से संबंधित विभिन्न धाराओं के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

दो बजे दोपहर
मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# एक और 'हिट एंड रन' का मामला आया सामने

● ऑडी कार ने दो ऑटोरिक्शा को मारी टक्कर ● ड्राइवर समेत चार लोग घायल


**मुंबई।** मुंबई में एक के बाद एक सड़क दुर्घटना की खबर सामने आ रही है। इस बीच एक बार फिर मुंबई के मुलुंड इलाके में सोमवार को एक तेज रफ्तार ऑडी कार ने खड़े दो ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना सुबह करीब 8 बजे डंपिंग रोड पर हुई। ऑडी का ड्राइवर कार छोड़कर मौके से भाग गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। घायलों में दो ऑटोरिक्शा चालक और दो यात्री शामिल हैं, जिनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि घायलों में दो ऑटोरिक्शा चालक और उनमें सवार दो यात्री हैं जिनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज



एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और प्रकरण की जांच की जा रही है। यह घटना वर्ली इलाके में बीएमडब्ल्यू से एक स्कूटी को टक्कर मारने और एक महिला की मौत के बाद हुई है।

# ब्रेकअप की बौखलाहट



### गर्लफ्रेंड का प्राइवेट वीडियो मां और चाचा को भेजा

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां ब्रेकअप करने पर पूर्व बॉयफ्रेंड ने युवती के अंतरंग वीडियो को उसकी मां और चाचा को भेज दिया। फिलहाल युवती की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।इस संबंध में जानकारी देते हुए आजाद मैदान पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि 20 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह कर्नाटक में आरोपी तोहिफ शरीफ के साथ रिश्ते में थी।

#### एयर होस्टेस का कोर्स करती है लड़की

अधिकारी ने महिला की तरफ से दी गई शिकायत के आधार पर बताया कि मुंबई में 24 जनवरी से एयर होस्टेस का कोर्स करने के दौरान उसने तोहिफ के साथ सहमति से शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान तोहिफ ने धोखे से अंतरंग वीडियो शूट किए थे। वहीं, 19 जून को वह उससे मिला और उसके चरित्र पर संदेह जताने के बाद उसके साथ मारपीट की। युवती भी कर्नाटक की है, लेकिन पढ़ाई के लिए मुंबई में चाचा के साथ रहती है। युवती ने अपने चाचा की मदद से तोहिफ के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं, उसके माता-पिता ने भी कर्नाटक में तोहिफ के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिससे नाराज होकर तोहिफ ने युवती के वीडियो उसकी मां और चाचा को भेज दिया। आजाद मैदान पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि उस पर यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

#### पुलिस ने शिकायत दर्ज कर शुरू की जांच

वीडियो भेजे जाने के बाद युवती डिप्रेशन में चली गई है। इसके चलते उसकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। फिलहाल युवती की शिकायत पर आरोपी तोहिफ की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

मुंबई में थम गईं लोकल ट्रेन, स्टेशन पर मच गया हंगामा ■ चर्चगेट रेलवे स्टेशन पर बिजली के तारों पर रेनकोट टंगने से ट्रेन सर्विस प्रभावित

# गर्लफ्रेंड, रेनकोट और थम गई लाइफलाइन

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई में बारिश के चलते पूरा जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कों पर पानी भरा हुआ है। ट्रेन देरी से चल रही हैं। कहीं कोई इमारत गिर रही है तो कहीं कोई गड्ढे में गिर रहा है। बारिश में तमाम अजीबो-गरीब घटनाएं हो रही हैं। इस बीच एक बड़ी विचित्र घटना भी सामने आई है। यहां चर्चगेट रेलवे स्टेशन पर एक प्लेटफॉर्म पर खड़े एक युवक ने दूसरे प्लेटफॉर्म पर खड़ी अपनी महिला दोस्त को बारिश से बचाने के लिए रेनकोट दिया। लेकिन यह रेनकोट इस तरह से दिया गया कि स्टेशन पर ट्रेन ही रुक गई और चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



#### क्या है माजरा ?

मुंबई के चर्चगेट स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर खड़ा अपने ट्रेन का इंतजार कर रहा था। तभी उसने देखा कि सामने प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर उसकी एक महिला मित्र खड़ी है और वह बारिश से भीग रही है। अपनी महिला मित्र को बारिश से बचाने के लिए युवक ने अपना रेनकोट पूरी ताकत से प्लेटफॉर्म नंबर 3 की ओर उछाल दिया। लेकिन यह क्या रेनकोट प्लेटफॉर्म के बीच रेल लाइन के ऊपर लगे बिजली के नंगे तारों पर जाकर टंग गया। बिजली के नंगे तारों पर पानी में भीगा रेनकोट के टंगे होने से स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। कोई अनहोनि ना हो जाए, इसके लिए पूरा रेलवे प्रशासन अलर्ट हो गया। रेलवे लाइन की बिजली सप्लाई को रोककर वहां से रेनकोट उतारा गया। इस पूरी मशक्कत के चलते मुंबई की ट्रेन सर्विस पूरे 25 मिनट ठप रही। बिजली सप्लाई कट होने से ट्रेन जहां की तहां रुक गईं। रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स आ गई।

#### मामला दर्ज, वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल

लगभग आधा घंटे बाद ट्रेन सर्विस फिर से शुरू हो सकी। रेलवे पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसे हिरासत में ले लिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# भांडुप में घर पर गिरा मोबाइल टावर



### जांच में जुटी पुलिस

दोपहर संवाददाता | मुंबई

घाटकोपर होर्डिंग हादसे की घटना को अभी कुछ महीने बीते थे कि भांडुप में मोबाइल टावर गिरने से लोग दहशत में आ गए। भांडुप में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश के दौरान झोपड़ों पर एक भारी भरकम मोबइल टावर गिर गया हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन 3 झोपडियां पूरी तरह से टूट गई। पुलिस इस मामले पर टावर लगाने वाली कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार मोबाइल टावर गिरने की घटना को लेकर अभी तक किसी पर भी मामला दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस ने बताया कि मोबाइल टावर भांडुप के रमाबाई नगर नंबर 1 में झोपड़पट्टियों के बीच में लगाया गया था जो कि रविवार शाम को तेज हवाओं के साथ हुई भारी बारिश के कारण घरों पर गिर गया।

#### अभी तक मामला दर्ज नहीं किया

भांडुप पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दत्तात्रेय खंडागले ने कहा कि इस मामले में किसी के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है, अभी जांच जारी हैं। वहीं इस मामले पर पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने मनपा कमिश्नर को पत्र लिख कर टावर के स्ट्रक्चर ऑडिट की मांग की है सोमैया के मुताबिक शहर में अधिकांश टावर बिना इजाजत के लगे हुए है।

पुलिस ने बताया कि मुंबई में हो रही भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण यह हादसा हुआ है। तेज हवाओं के कारण टावर गिरा होगा ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। जांच जारी है। जांच के बाद ही टावर गिरने के सही कारणों का पता लगया जा सकेगा। इसमें अभी तक किसी पर मामला दर्ज नहीं किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि इसके पहले घाटकोपर पूर्व में भारी भरकम होर्डिंग गिर गई थी जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी। ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने शहर के घाटकोपर क्षेत्र में विशालकाय होर्डिंग लगाया था, जो 13 मई को गिर गया था। इस घटना में 17 लोगों की मौत हो गई थी और 70 से अधिक लोग घायल हुए थे।

# बीजेपी विधायक जयकुमार गोरे की मुश्किलें बढ़ीं

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुलिस को कार्रवाई करने का दिया निर्देश

दोपहर संवाददाता | मुंबई



बॉम्बे हाई कोर्ट ने सतारा के पुलिस अधीक्षक को बीजेपी विधायक जयकुमार गोरे पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को गंभीरता से लेने के सख्त निर्देश दिया हैं। जिससे गोरे की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। गोरे पर कोविड काल में 200 से ज्यादा मृत मरीजों को जिंदा बताकर घोटाला करने का आरोप लगा है। इस मामले में मैनी के दीपक देशमुख ने जयकुमार गोरे के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की पीठ ने इस याचिका को गंभीरता से लिया है। याचिका में जयकुमार गोरे, उनकी पत्नी सोनिया गोरे और घोटाले में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की गई है। राज्य सरकार ने मुफ्त कोरोना इलाज के लिए सभी अस्पतालों और कोविड सेंटरों को दवाओं का बड़ा भंडार मुहैया कराया था। लेकिन गोरे और उनके सहयोगियों पर कोरोना मरीजों से इलाज के पैसे वसूलने का गंभीर आरोप लग रहा है। याचिका में हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की निगरानी में कोविड काल में इस पूरे घोटाले की गहन जांच की मांग की गई है। कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के बाद अब गोरे की परेशानी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

#### विधायक गोरे पर क्या है आरोप?



इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर सतारा जिले के मायनी-खटाव में स्थित है। इस केंद्र को सतारा जिला कलेक्टर ने कोरोना मरीजों के इलाज के लिए अपने अधीन ले लिया था। इस संगठन के तत्कालीन अध्यक्ष जयकुमार गोरे थे। इस दौरान डॉक्टरों के फर्जी हस्ताक्षर, फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। आरोप है कि राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का दुरुपयोग किया गया है। इस मामले में गोरे ने 200 मृत मरीजों को जिंदा दिखाकर करोड़ों रुपए कमाए। 200 से अधिक मृत रोगियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से पुनर्जीवित और वित्त पोषित किया गया। सरकार ने मुफ्त कोरोना इलाज के लिए सभी अस्पतालों, कोरोना सेंटरों को बड़ी मात्रा में दवा और इंजेक्शन उपलब्ध कराए थे। याचिका में आरोप लगाए गए हैं कि गोरे और उसके साथियों ने कोरोना मरीजों से इलाज के पैसे वसूले गए है।

शिंदे सरकार का 'लाडला बिल्डर' योजना

# चड्ढा डेवलपर्स को 400 करोड़ का प्रोजेक्ट देने पर भड़के विजय वडेट्टीवार



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार सोमवार को महाराष्ट्र की महायुति सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने सरकार पर आरोप सनसनीखेज लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। 'मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन' के बाद 'मुख्यमंत्री का प्रिय ठेकेदार' योजना शुरू की गई है। जिसमें चड्ढा नाम के ठेकेदार को 400 करोड़ रुपये देने की बात तय हुई है। एक पत्रकार परिषद में वडेट्टीवार ने कहा कि सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के आधार पर मैं यह खुलासा कर रहा हूं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह विभाग ने चड्ढा नामक एक विकासक को 400 करोड़ रुपए के भुगतान की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि चड्ढा नामक डेवलपर को अवैध धन देने के सभी नोट मेरे पास हैं। चड्ढा के प्रति इतना स्नेह किसे और क्यों उमड़ रहा है?

# पश्चिम रेलवे ने दो स्पेशल ट्रेनों का किया ऐलान

- ब्रांदा टर्मिनस से गोरखपुर को चलेगी एक ट्रेन
- उधना से छपरा के लिए छूटेगी एक विशेष ट्रेन
- दोनों ट्रेनें लंबे समय तक संचालन में बनी रहेंगी

**मुंबई।** मानसून के सीजन में यात्री की सुविधा को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने दो विशेष ट्रेनों चलाने का ऐलान किया है। पहली ट्रेन मुंबई के ब्रांदा टर्मिनस से गोरखपुर को चलेगी, जबकि दूसरी ट्रेन मुंबई डिवीजन में आने वाले सूरत के उधना स्टेशन से बिहार के छपरा को जाएगी। पश्चिम रेलवे के अनुसार इन ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को सुविधा होगी। इसके बाद दूसरी ट्रेनों में भीड़ और वेटिंग में भी कमी आएगी। पश्चिम रेलवे की तरफ संचालित की जाने वाली ब्रांदा टर्मिनस गोरखपुर दहाणु स्पेशल ट्रेन कुल 22 ट्रिप लगाएगी। इसी प्रकार से उधना-छपरा (अनारक्षित) कुल 12 फेरे लगाएगी। पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता विनीत अभिषेक के अनुसार इन ट्रेनों का ऐलान यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त यात्रियों को समायोजित करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 09043 की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू हो गई है।

#### ट्रेन संख्या 09043/09044 बांद्रा टर्मिनस–गोरखपुर–दहानू रोड (द्वि-साप्ताहिक)स्पेशल (22 फेरे)



ट्रेन संख्या 09043 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल प्रत्येक मंगलवार और रविवार को बांद्रा टर्मिनस से 00.05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09.30 बजे गोरखपुर पहुँचेगी। यह ट्रेन 23 जुलाई, 2024 से 27 अगस्त, 2024 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09044 गोरखपुर-दहानू रोड स्पेशल प्रत्येक बुधवार और सोमवार को गोरखपुर से 13.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 22.30 बजे दहानू रोड पहुँचेगी। यह ट्रेन 24 जुलाई, 2024 से 28 अगस्त, 2024 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में वापी, वलसाड, उधना, सूरत, सायन, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, मनकापुर, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09043 का बोरीवली, पालघर और दहानू रोड स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव होगा। इस ट्रेन में एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

#### ट्रेन संख्या 09041/09042 उधना-छपरा (अनारक्षित) साप्ताहिक स्पेशल (12 फेरे)

ट्रेन संख्या 09041 उधना-छपरा स्पेशल प्रत्येक रविवार को 11.15 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19.00 बजे छपरा पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 जुलाई, 2024 से 25 अगस्त, 2024 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन नंबर 09042 छपरा-उधना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को 23.00 बजे छपरा से प्रस्थान करेगी और बुधवार को 06.45 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 22 जुलाई, 2024 से 26 अगस्त, 2024 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, अमलनेर, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर, ग़ाज़ीपुर सिटी और बलिया स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**के.ई.एम.हॉस्पिटल**
**ई-खरीद कोटेशन नोटिस**
**केईएम/44/एमएसटी/24 (ई निविदा)**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त निम्नलिखित ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं।
कोटेशन की प्रति बीएमसी के पोर्टल (http://www.mcgm.gov.in) से "कोटेशन अन्य" अनुभाग के अंतर्गत डाउनलोड की जा सकती है। हालांकि, बोली महाटेंडर पोर्टल (https://mahatenders.gov.in) के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी।

| अनु क्र. | विवरण | ई-कोटेशन जांच शुल्क | ईएमडी | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की आरंभ तिथि और समय | ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.एम.सी. के के.ई.एम. अस्पताल के लिए नॉनियोनी कॉन्ट्रास्ट 300एमजी/एमएल 100 एमआई बॉट की खरीद।" ई-निविदा आईडी-2024_ एमसीजीएम_1054915 | 1200+ (18% जीएसटी) | 20,000 | 22/07/2024 शाम को 05.00 बजे | 22/07/2024 शाम को 05.00 बजे |
| 2. | बी.एम.सी. के के.ई.एम. अस्पताल के लिए नॉनियोनी कॉन्ट्रास्ट 350एमजी/एमएल 100 एमआई बॉट की खरीद।" ई-निविदा आईडी-2024_ एमसीजीएम_1054993 | 1200+ (18% जीएसटी) | 20,000 | 22/07/2024 शाम को 05.00 बजे | 22/07/2024 शाम को 05.00 बजे |
| 3. | केईएम/29/एमएसटी/24/इंजेक्शन/ ई- निविदा "बी.एम.सी. के के.ई.एम. अस्पताल के लिए नॉनियोनी कॉन्ट्रास्ट 400एमजी/एमएल 100 एमआई बॉट की खरीद।" ई-निविदाआईडी-2024_ एमसीजीएम_1055336 | 1200+ (18% जीएसटी) | 20,000 | 22/07/2024 शाम को 05.00 बजे | 22/07/2024 शाम को 05.00 बजे |
| 4. | केईएम/30/एमएसटी/24/इंजेक्शन/ "बी.एम.सी. के के.ई.एम. अस्पताल के लिए इंजेक्शन सोडियम क्लोराइड 0.9% (1x500 मिली) की खरीद।"।" ई-निविदा आईडी-2024_एमसीजीएम_105536 1200+(18%जीएसटी) | 1200+ (18% जीएसटी) | 20,000 | 22/07/2024 शाम को 05.00 बजे | 22/07/2024 शाम को 05.00 बजे |
| 5. | केईएम/31/एमएसटी/24/इंजेक्शन/ "बी.एम.सी. के के.ई.एम. अस्पताल के लिए इंजेक्शन सोडियम क्लोराइड 0.9% (1x100 मिली) की खरीद।" ई-निविदा आईडी-2024_ एमसीजीएम_1055481 | 1200+ (18% जीएसटी) | 20,000 | 22/07/2024 शाम को 05.00 बजे | 22/07/2024 शाम को 05.00 बजे |
| बोलीदाताओं को ध्यान देना चाहिए कि जांच शुल्क का भुगतान पैकेट 'ए' और 'बी' के खुलने के तुरंत बाद और किसी भी वार्ड नागरिक सुविधा केंद्र (सीएफसीएस)में पैकेट 'सी' के खुलने से पहले करना होगाः मेडिकल स्टोर, केईएम अस्पताल से चालान एकत्र करके। उपर्युक्त जांच शुल्क में संशोधन के मामले में, बोलीदाताओं को संशोधित जांच शुल्क का भुगतान करना होगा। | | | | | |

निविदा दस्तावेज बीएमसी पोर्टल (https://portal.mcgm.gov.in) पर इस निविदा सूचना के साथ उपलब्ध है। हालांकि, बोली महाटेंडर पोर्टल (https:/mahatenders, gov.in) के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। निविदाकर्ता को ध्यान देना चाहिए कि इस निविदा सूचना के संबंध में जारी किया गया कोई भी शुद्धिपत्र केवल महाटेंडर वेबसाइट और बीएमसी पोर्टल पर ही प्रकाशित किया जाएगा। स्थानीय समाचार पत्रों में कोई शुद्धिपत्र प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

डीन
के.ई.एम.हॉस्पिटल

पीआरओ/606/विज्ञा./2024-25

वृक्ष लगाएं, जीवन बचाएं।

संपादकीय

# कठघरे में होगी सरकार

सोमवार से प्रारम्भ होने जा रहे संसद के मानसून सत्र में नयी सरकार की बड़ी घेराबन्दी तय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी बहुत कमजोर कदमों से सरकार के रूप में संसद भवन पहुंची है, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबन्धन 2014 एवं 2019 की तुलना में बड़े आकार, एकजुटता और बढ़े हुए मनोबल के साथ संसद के दोनों सदनों में दहाड़ मारने को तैयार है। लोकसभा का पहला सत्र 22 जून से 2 जुलाई और राज्यसभा का सत्र 27 जून से 3 जुलाई तक हुआ था, जिसमें विपक्ष अपने दम की झलक दिखा चुका है। इस बीच राज्यसभा में भाजपा व उसके सहयोगी गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस का घटा हुआ बहुमत सत्ताधारी दल को बैकफुट पर बैटिंग करने को मजबूर करेगा। पिछले सत्र में नीट परीक्षा के पेपर लीक का मामला जोर-शोर से उठा था, जो अब भी गरमाया हुआ है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नतीजे घोषित करने के आदेश के सन्दर्भ में सरकार की मुश्किलें बढ़ी हुई तो रहेंगी ही, अन्य और भी कई मुद्दे सरकार को परेशान करते रहेंगे। 12 अगस्त तक इस सत्र के चलने की सम्भावना है। मंगलवार को आम बजट पेश किया जायेगा जो नयी सरकार का पहला बजट होगा। इसे मोदी सरकार की पहली परीक्षा बतलाई जा रही है। भाजपा सरकार जिन दो दलों के समर्थन पर मुख्यतया टिकी हुई है, वे दोनों ही केन्द्र सरकार से भारी-भरकम आर्थिक पैकेजों की अपेक्षा कर रहे हैं। आंध्रप्रदेश की तेलुगु देसम पार्टी और बिहार का जनता दल यूनाइटेड क्रमशः 16 तथा 12 सांसदों के साथ इस उम्मीद से समर्थन दे रहे हैं कि उन्हें विशेष राज्य का दर्जा दिया जायेगा। हालांकि अब राज्य की यह श्रेणी एक प्रकार से अस्तित्व में नहीं रह गई है लेकिन उसकी भरपाई अगर बड़ी राशि प्रदान करने से होती है तो अन्य राज्यों में सरकार एवं भाजपा के प्रति असंतोष बढ़ेगा, विशेषकर जिन राज्यों में भाजपा को शानदार सफलता लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मिली है। ये राज्य हैं- छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, ओडिशा आदि। यदि उनके साथ भेदभाव हुआ तो पार्टी अनुशासन के चलते इसकी खुली प्रतिक्रिया चाहे न हो, लेकिन असंतोष बढ़ेगा। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिये टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जेडीयू सुप्रीमो नीतीश कुमार को साधना चुनौती रहेगी। यह सत्र ऐसी परिस्थितियों में हो रहा है जब न सिर्फ सरकार कमजोर है, बल्कि हाल के कई घटनाक्रम इस बात की ओर साफ इशारा कर रहे हैं कि नरेन्द्र मोदी और उनके मुख्य सिपहसालार यानी केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की संगठन पर पकड़ छूटती जा रही है। अनेक नेताओं के बयान इस बात की गवाही दे रहे हैं। हालांकि स्थिति फिलहाल विस्फोटक तो नहीं कही जा सकती लेकिन यदि ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं होगा कि दोनों पहले संगठन पर और फिर सरकार पर अपना नियंत्रण खो बैठेंगे। हाल ही में कुछ नेताओं ने जिस प्रकार की बयानबाजियां की हैं वे या तो पार्टी की घोषित नीति के खिलाफ हैं या फिर उनके तीरों की दिशा मोदी-शाह की ओर है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा किये जा रहे कुछ कार्यक्रम भी यही बता रहे हैं कि मोदी-शाह की जकड़ अब संगठन पर वैसी नहीं दिख रही है जो कुछ समय पहले तक थी। बहुत सम्भव है कि संसद के तकरीबन 20 दिन चलने वाले इस मानसून सत्र में इस बात के और भी सबूत मिलें जिस दौरान सरकार का सामना पहले से कहीं अधिक मजबूत विपक्ष के साथ-साथ अपने ही असंतुष्ट सहयोगियों से होने जा रहा है। शुरुआत करें तो, पश्चिम बंगाल के भारतीय जनता पार्टी नेता शुभेन्दु अधिकारी ने एक भाषण में कहा कि भाजपा को 'सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास' का नारा छोड़ देना चाहिये। उनका इशारा भाजपा की मुस्लिमों को साथ लेने की कभी-कभार की जाने वाली कोशिशों की तरफ था। उनका बयान भाजपा के सहयोगी दल टीडीपी को भी नाराज़ कर सकता है जिसने मुस्लिमों के हक में कई कल्याणकारी कार्यक्रम लाने का ऐलान कर हालिया चुनावों में जीत दर्ज की है। ऐसे ही, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रियों के रास्ते में लगने वाली दुकानों पर मालिकों को अपने नाम लिखने सम्बन्धी जो फ़रमान जारी किया गया है, वह भी मोदी सरकार की विपक्ष द्वारा ही नहीं वरन कुछ सहयोगी दलों द्वारा भी घेराबन्दी करने के लिये एक माकूल विषय हो सकता है।

# समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले विकास का लाभ

तीसरी पारी शुरू होते ही नई सरकार कह रही है कि देश में जितना आर्थिक विकास उनके शासनकाल में हुआ, उतना उनकी पूर्ववर्ती सरकारों ने नहीं किया। अब देश को नई पहचान देने का प्रयास हो रहा है। मोदी शासन का पहला आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत होने से पहले देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों की राय ली जा रही है ताकि ये आर्थिक लाभ कतार में खड़े आखिरी आदमी तक पहुंच सके। अर्थशास्त्रियों से यह राय ली जा रही है कि देश में गरीबी कैसे कम होगी। अमीर-गरीब का भेद कैसे कम होगा। देश की पिछड़ती हुई कृषि में नई जान कैसे डाली जाएगी।



कृषि आज भी देश का महत्वपूर्ण व्यवसाय है और इस क्षेत्र में आबादी का 50 प्रतिशत संलग्न है। प्रश्न यह है कि कृषि का योगदान सकल घरेलू आय में क्यों घटता जा रहा है? वर्तमान में, यह सकल आय के आधे हिस्से से घटकर केवल 15 प्रतिशत का रह गया है। छोटे किसान निराशा, बदहाली और पिछड़ेपन के गर्त में हैं। गरीबी को दूर करने के लिए सिर्फ परिभाषाएं बदलना पर्याप्त नहीं है। यह आवश्यक है कि जनता के जीवन स्तर में सुधार हो और उनकी मूलभूत जरूरतें पूरी हों।

मोदी सरकार अपनी तीसरी पारी का पहला बजट संसद में पेश करने जा रही है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का यह सातवां बजट है। हालांकि, नई राह पर चलने का दावा करने वाले आर्थिक विशेषज्ञों के सामने अभी कई प्रश्न हैं, जिन पर विचार करना आवश्यक है। यदि सरकार अपने पहले कदमों के रूप में इनकी घोषणा कर सके तो बेहतर होगा। एक समतावादी समाज की स्थापना संविधान का महत्वपूर्ण लक्ष्य रहा है, लेकिन जब निजी क्षेत्र को प्राधान्य मिलने लगा, तो निजी और सार्वजनिक भागीदारी के नाम पर धन का असमान वितरण और बढ़ गया। गरीब और गरीब होते गए, जबकि अमीरों की आर्थिक सामर्थ्य लगातार बढ़ती रही।

यह कैसा विरोधाभास है जबकि दुनिया में भारत आर्थिक ताकत के रूप में मजबूत होता जा रहा है और यहां करोड़ों गरीब बदहाल हैं। अनियमित रोजगार है। बेरोजगार युवा स्थायी रोजगार न मिलने के कारण विदेशों की ओर पलायन कर रहा है या नशे की गर्त में डूब रहा है। इस समय सरकार के सामने सवाल यह है कि मध्यम और कमजोर वर्ग को कैसे राहत दी जाए? इस समय जो विकास हो रहा है, वह मुख्यतः निवेशकों के प्रयासों से है। यह विकास निजी क्षेत्र के डिजिटल, रोबोट युग के आगमन और कृत्रिम मेधा के कारण है। इसके बावजूद,

**सुरेश सेठ**

देश के आम आदमी की बेरोजगारी की समस्या हल नहीं हो रही है।

आंकड़े बताते हैं कि शहरों की तुलना में गांवों में बेरोजगारी बढ़ने लगी है। इसका कारण यह है कि हमने फसलें उगाने के बाद अपने खाद्य पदार्थों को फिनिश प्रोसैसिंग में नहीं डाला, जैसा कि सभी प्रगतिशील देश इस समय कर रहे हैं। अगर यह प्रसंस्करण उद्योग लघु और कुटीर उद्योगों के रूप में गांवों के आसपास स्थापित हो जाते, तो आज किसानों में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या पैदा न होती। वैसे लघु और कुटीर उद्योगों का प्रशस्तिगायन हर बजट में किया जाता है। मोदी सरकार की तीसरी पारी के इस पहले बजट में भी इसकी प्रशंसा की जा रही है, लेकिन वास्तविकता में इसका प्रभाव कहीं नजर नहीं आ रहा है। लघु और कुटीर उद्योगों में रोजगार देने की बहुत क्षमता है। हालांकि, न तो छोटे उद्यमियों, छोटे निवेशकों, या नौजवानों ने इस दिशा में ध्यान दिया है। इसके विपरीत, हाल के दिनों में लाल डोरा क्षेत्र, जहां ये उद्योग विकसित किए जा सकते थे, वहां संपन्न निवेशकों को भी निवेश करने की इजाजत दे दी गई।

किसानों की आय दोगुनी करने के वादे के बाद भी किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य नहीं मिल रहा है। उनकी फसलों के लिए नियमित न्यूनतम समर्थन मूल्य एक कानूनी अनिवार्यता के रूप में सामने नहीं आ रहा है।

इस समय महंगाई का बड़ा कारण पेट्रोल और डीजल की कीमतें हैं। इनकी कीमतों को जीएसटी के तहत लाने की मांग की जा रही है। जबकि पेट्रोलियम कम्पनियों को भारी लाभ होने के बावजूद कीमतें घटाई नहीं जा रही हैं। इस समय देश की जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात किया जाता है जो देश की विनिमय दरों और रुपये के मूल्य को निरंतर घटाता है। आयात महंगे हो जाते हैं और निर्यात सस्ते। जाहिर है कि महंगाई के कारण रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति में भी यथास्थितिवाद का बोलबाला है। रेपो रेट में पिछली सात-आठ घोषणाओं में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। जब तक ब्याज दर कम न होगी, नए निवेश को प्रोत्साहन कैसे मिलेगा?

सरकार को अपनी तीसरी पारी शुरू करते हुए इन समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा है कि आर्थिक विकास की उपलब्धियां केवल कागजी न रहकर, जमीनी स्तर पर लागू हों और समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकें।

सहज योग

# सदाशिव की शक्ति



**पहले परमेश्वर का जब पहला स्वरूप प्रगट होता है, याने मेनिफेस्ट होता है। जबकि वह ब्रह्म से प्रकाशित होते हैं, उस वक्त उन्हें सदाशिव कहा जाता है। इसलिए शिवजी जो है, उनको आदि माना जाता है।**

आप से पहले मैंने बताया उत्पत्ति के बारे में क्योंकि महाशिवरात्रि के दिन जब शिवजी की बात करनी है, तो उसका प्रारंभ उत्पत्ति से ही होता है, इसलिए वह आदि है। पहले परमेश्वर का जब पहला स्वरूप प्रगट होता है, याने मेनिफेस्ट होता है। जबकि वह ब्रह्म से प्रकाशित होते हैं, उस वक्त उन्हें सदाशिव कहा जाता है। इसलिए शिवजी जो है, उनको आदि माना जाता है। ऐसे समझ लीजिए की किसी वृक्ष को पूर्णतः प्रगट होने से पहले उसका बीज देखा जाता है और इसलिए उसे बीजस्वरूप कहना चाहिए। इसलिए शिवजी की अत्यन्त महिमा है। उसके बाद, उनके प्रकटीकरण के बाद उन्हीं के अंदर से शक्ति अपना स्वरूप धारण करके आदि शक्ति के नाम से जानी जाती है। वहीं आदिशक्ति परमात्मा के तीनों रूपों को अलग अलग प्रकाशित करती है, जिसको आप जानते हैं। जिनका नाम ब्रह्मा, विष्णू और महेश याने शिवशंकर है। याने एक ही हीरे के तीन पहलू आदिशक्ति छानती है। और जब प्रलय काल में सारी सृजन की हुई सृष्टि, सारा manifested संसार विसर्जित होता है, उसी ब्रह्म में अवतरित होता है, तब भी सदाशिव बने ही रहते है। और उनका संबंध परमात्मा के उस अंग से हमेशा ही बना रहता है, जो कभी भी प्रकटीकरण नहीं होता है, जो की एक non-being है। परमात्मा की जो शक्तियां प्रकट होती है वो being से होती है, जो नहीं होती है वो non-being की हमेशा बनी ही रहती है। उसमें सदाशिव का स्थान वैसा ही है, जैसे एक हीरा टूट जाए, बिखर जाए, कितना भी मिट जाए, उसे कण कण भी हो जाए तो भी वो चमकता ही रहता है, कभी नष्ट नहीं होती है उसकी चमक। उसी प्रकार सदाशिव का स्थान है। सदाशिव से स्थिति बनती है और संसार के सृजन में जब तक स्थिति नहीं बनेगी तब तक कोई भी सृजन नहीं हो सकता। पहले स्थिति बनाई जाती है। existence, अस्तित्व लाना पड़ता है। किसी भी चीज का अस्तित्व सदाशिव के ही शक्ति से होता है। इस कारण सृजन में उनका वही हाथ होता है, जैसे किसी बड़ी भारी हवेली में या भवन में उसके नींव का होता है, उसके foundation का होता है, वो दिखाई नहीं देती। जो नींव होती वह दिखाई नहीं देती है, लेकिन उसके बगैर कोई भी building खड़ी नहीं रह सकती। उसी तरह सदाशिव हमारे अंदर भी, हृदय में निवास करते हुए आत्मा स्वरूप होते हैं। जब तक वे हृदय में आत्मा स्वरूप स्थित होते हैं, तभी तक हमारा इस संसार में हुए जीवन चलता है। जिस दिन वो अपनी आंखें मूंद लेते हैं, उसी दिन हम लोग खत्म हो जाते है। इस दुनिया से हम निकल जाते है और हमारी स्थिति परलोक में जाती है। शिवजी आप जानते है कि हमारी चन्द्र नाड़ी पर वास करते है और चन्द्र नाड़ी पर बैठे हुए वे स्थिति का सारा कार्य अपने अन्दर करते ही है, लेकिन हमारा जो प्राण है उसकी भी स्थिति वो बनाए रखते है। शिवजी के बगैर हमारे प्राण नहीं चल सकते। काफी लंबी चौडी बाते है। मेरी किताब मैं काफी खोल कर के कही हुई है। शिवजी का स्वरूप, वे एक परम संन्यासी है। जैसे की परमात्मा का एक स्वरूप है की वो अन्दर से सन्यस्त है। वे किसी वजह से यह रचना नहीं करते। उनका कोई कारण नहीं है। वह अपने करते है, उनकी whim है, उनका मजा है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह


जीवन ऊर्जा

एंथनी कैनेडी : जन्म 23 जुलाई, 1936 — जन्म

# न्याय हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है

**एंथनी कैनेडी का जन्म 23 जुलाई, 1936 को हुआ था। वे अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश थे, जिन्हें नागरिक अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर उनके महत्वपूर्ण फैसलों के लिए जाना जाता था। 1988 में नियुक्त, कैनेडी ने 2018 में अपनी सेवानिवृत्ति तक सेवा की, अपने निष्पक्ष और विचारशील निर्णयों से अमेरिकी कानून को आकार दिया।**

कानून का शासन हमारी स्वतंत्रता की नींव है। न्याय हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। हम सभी एक बड़े समुदाय का हिस्सा हैं, और हमारे कार्यों के परिणाम हमसे परे भी होते हैं। कानून एक जीवंत चीज होनी चाहिए, जो समाज की जरूरतों के अनुकूल हो। लोकतंत्र की ताकत उसके सबसे कमजोर नागरिकों की सुरक्षा से मापी जाती है। स्वतंत्रता के लिए सभी के लिए निष्पक्षता और समानता के प्रति प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। सच्चा न्याय केवल गलत को दंडित करने के बारे में नहीं है, बल्कि निष्पक्षता और अवसर सुनिश्चित करने के बारे में भी है। संविधान एक जीवंत दस्तावेज है जो हमारे समाज के साथ विकसित होता है। सम्मान और गरिमा कानून के शासन के लिए मौलिक हैं। साहस का मतलब डर की अनुपस्थिति



नहीं है, बल्कि इसके बावजूद सही काम करने की प्रतिबद्धता है। किसी भी जगह अन्याय हर जगह न्याय के लिए खतरा है। एक न्यायपूर्ण समाज प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और गरिमा को महत्व देता है। हमारा लोकतंत्र तब पनपता है जब हम समानता और न्याय के सिद्धांतों को बनाए रखते हैं। कानून में नेतृत्व का मतलब सभी के लिए ईमानदारी और सम्मान के साथ नेतृत्व करना है। न्याय के लिए दूसरों के दृष्टिकोण के प्रति सहानुभूति और समझ की आवश्यकता होती है।

न्याय की खोज एक साझा जिम्मेदारी है। कानून की ताकत न्याय को अपनाने और सेवा करने की इसकी क्षमता में निहित है। निष्पक्षता की खोज में प्रत्येक व्यक्ति की आवाज़ मायने रखती है। कानूनी निर्णयों में करुणा और निष्पक्षता के मूल्यों को प्रतिबिंबित करना चाहिए। एक न्यायपूर्ण समाज को समानता और मानवाधिकारों के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। कानून को सुरक्षा और सशक्त बनाना चाहिए, न कि प्रतिबंधित और सीमित करना चाहिए।

प्रेरक प्रसंग

# अंधे बुजुर्ग की वाणी

एक समय की बात है एक राजा जंगल में भ्रमण के लिए निकले। भ्रमण करते-करते राजा को प्यास लगी, पानी के लिए इधर-उधर नजर दौड़ने के बाद उन्हें एक झोपडी दिखाई दी। जहां एक अंधा बुजुर्ग आदमी बैठा हुआ था और उसके पास ही जल से भरा हुआ एक मटका रखा हुआ था। राजा ने सिपाहियों को आदेश दिया की वे उस व्यक्ति के पास जाएं और एक लोटा जल मांग कर लाएं। सिपाही उस व्यक्ति के पास चले गए और उस व्यक्ति से बोलने लगे-ऐ अंधे एक लोटा पानी दे दे। अंधा व्यक्ति तुरंत अकड़ कर बोला -चल-चल यहां से निकल, तेरे जैसे सिपाहियों से मै नहीं डरता, तुम लोगों को एक बून्द भी पानी नहीं दूंगा मैं। सिपाही निराश होकर लौट आए । उसके बाद राजा ने सेनापति को पानी लाने के लिए भेजा। सेनापति उस व्यक्ति के पास जाकर बोला- ऐ अंधे, पानी दे दे, तुझे बहुत सारे रकम इनाम में मिलेगा। अंधा व्यक्ति फिर अकड़ कर बोला - पहले वाले का यह सरदार मालूम पड़ता है। अंधे व्यक्ति ने गुस्से से कहा चल यहां से निकल, नहीं मिलेगा पानी तुझे। इस तरह सेनापति को भी खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। सेनापति को खाली हाथ वापस आता देख राजा स्वय चल पड़े, उस व्यक्ति के पास पानी मांगने। फिर उस वृद्धजन के पास पहुंचकर सबसे पहले उसे नमस्कार किया और कहा-प्यास से गला सुख रहा है बाबा, एक लोटा पानी दे सकें तो आपकी बड़ी कृपा होगी। अंधे बुजुर्ग ने सत्कारपूर्वक उन्हें पास बिठाया और कहा" आप जैसे श्रेष्ट व्यक्ति का राजा जैसे आदर है" एक लोटा जल क्या मेरा सब कुछ आपकी सेवा में हाजिर है, कोई और सेवा हो तो बताइए। राजा ने शीतल जल से अपनी प्यास बुझाई फिर नम्र वाणी से पूछा की आपको तो दिखाई नहीं पड़ रहा फिर आपने जल मांगने आ लोगों को कैसे पहचान लिया। उस अंधे व्यक्ति ने कहा-वाणी से हर व्यक्ति के स्तर का पता चलता है।

शख्सियत — बाल गंगाधर तिलक

# आधुनिक भारत के निर्माता



**केशव गंगाधर तिलक, जिन्हें अक्सर बाल गंगाधर तिलक कहा जाता है। एक पत्रकार, शिक्षक और भारतीय स्वतंत्रता के लिए कार्यकर्ता थे। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के पहले नेता बाल गंगाधर तिलक थे। वह लाल बाल पाल तिकड़ी बनाने वाले तीन लोगों में से एक थे। उन्हें लोकमान्य नाम भी दिया गया था, जिसका अर्थ है लोगों द्वारा एक नेता के रूप में पहचाना जाना। महात्मा गांधी ने उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता कहा था।**

बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई, 1856 को हुआ था। उनका जन्म रत्नागिरी जिले, बॉम्बे राज्य, ब्रिटिश भारत में हुआ था, जो अब महाराष्ट्र, भारत में एक मराठी हिंदू चितपावन ब्राह्मण परिवार में हुआ था। श्री गंगाधर तिलक बाल गंगाधर तिलक के पिता थे और पार्वती बाई गंगाधर उनकी मां थीं। बाल गंगाधर तिलक का पैतृक घर चिखली में था। तिलक के पिता गंगाधर तिलक एक संस्कृत विद्वान और एक स्कूल शिक्षक थे, जब तिलक सोलह वर्ष के थे, तब उनका निधन हो गया।

उन्होंने 1877 में पुणे के डेक्कन कॉलेज से गणित में कला स्नातक की उपाधि प्राप्त की। सेमेस्टर के बीच में उन्होंने एलएलबी कार्यक्रम में दाखिला लेने के लिए अपना एमए कार्यक्रम छोड़ दिया। उन्होंने धार्मिक और सांस्कृतिक पुनरुद्धार पर ध्यान केंद्रित करके स्वतंत्रता के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया। तिलक एक सामाजिक रुढ़िवादी होने के साथ-साथ एक उग्र राष्ट्रवादी भी थे। भयानक जलियांवाला बाग नरसंहार की घटना से असंतुष्ट होने के कारण बाल गंगाधर तिलक का स्वास्थ्य गिरने लगा। बाल गंगाधर तिलक ने खराब स्वास्थ्य के बावजूद भारतीयों से मार्च जारी रखने का आग्रह किया। वह आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक थे, लेकिन उनके स्वास्थ्य ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। इस स्तर पर, बाल गंगाधर तिलक की मधुमेह की बीमारी गंभीर रूप से कमजोर हो गई थी। जुलाई 1920 के मध्य में, उनकी बीमारी और भी बदतर हो गई, और उसी वर्ष 1 अगस्त को उनका अचानक निधन हो गया।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# प्रकृति और मनुष्य के बीच है गहरा संबंध

**हरिणचरणक्षुण्णोपांता सशाद्वलनिर्झराः,**
**कुसुमकलितैर्विष्वग्वातैस्तरंगितपादपाः॥**
**विविधविहगश्रेणीचित्रस्वनप्रतिनादिता,**
**मनसि न मुद दध्यु. केपां शिवा**
**वनभूमयः**

प्रकृति और मनुष्य के बीच बहुत गहरा संबंध है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। मनुष्य के लिए धरती उसके घर का आंगन, आसमान छत, सूर्य-चांद-तारे दीपक, सागर-नदी पानी के मटके और पेड़-पौधे आहार के साधन हैं। ऐसे ही अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य माँ भगवती अष्टादश महाविद्याओं के स्वरूप में स्वयंभू विराजित है जो स्थान मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले के ग्राम बिजाना में कुमारिका वन में है । इस पावन धरा पर शिव पार्वती विवाह समय की सप्तपदी सात स्थानों पर आज भी दर्शनीय है। कुमारिका वन के ईशान कोण में भगवान श्री मनकामनेश्वर महादेव,श्री जगदभैरव तथा दक्षिण में श्री तक्षकनागराज का स्थान दर्शनीय है । माँ भगवती के पाषाण से निर्मित प्रासाद का कार्य प्रगति पर है तथा प्रांगण में श्री नीमकरौली बाबाजी महाराज,श्री हनुमान जी,श्री राम



दरबार मंदिर का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। अष्टादश महाविद्याओं के रूप में विराजित माँ श्री कुल तथा काली कुल की 9-9 महाविद्याएँ स्वयंभू विराजमान है।

**काली तारा छिन्नमस्ता भुवना**
**महिषमर्दिनी ।**
**त्रिपुरा त्वरिता दुर्गा विद्या**
**प्रत्यंगिरा तथा ।।**
**कालीकुलम् समाख्यातम् श्री कुलश्च**
**ततः परम् सुंदरी भैरवी बाला बगला**
**कमलापि च ।**
**धूमावती च मातंगी विद्या**
**स्वप्नावती प्रिये ।**
**मधुमती महाविद्या श्री कुलम्**
**परिभाषिताम् ।**

भगवती बगलामुखी तारा के मंदिर के निर्माण कार्य अनेकों कोटि चण्डी यज्ञों के समान ही माना गया है ।ग्राम बिजाना महाशक्ति पीठ पर पाषाण से तराशा हुआ नक्काशीदार विभिन्न कलाकृतिओं को प्रदर्शित करता हुआ,देवी-देवताओं,दिकपाल तथा अप्सराओं की मूर्तियों से शोभायमान मंदिर बनने का कार्य प्रारंभ हो गया है।यह मंदिर हज़ारों वर्षों तक स्थापित रहेगा और देवी की भक्ति शक्ति का परिचय संसार को देता रहेगा। मंदिर का शिखर दूर से देखने पर देवी के मणिमंडित मुकुट की तरह दर्शनीयता लिए होगा ।

मंदिर का प्रत्येक स्तंभ अनुष्ठान के आधारभूत मंत्रों का ही स्वरूप होगा।मंदिर में पत्थर पर अंकित होगी महाविद्याओं की महिमा जो मंत्रदृष्टा ऋषियों के ज्ञान के पराक्रम का दर्शन कराएगी।ऐसा भगवती बगलामुखी तारा का यह मंदिर भारतवर्ष का विशिष्ठ शक्तिपीठ होकर प्रकाशमान होगा।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।




इस लेख में हम उन महिलाओं के बारे में बताएंगे, जिन्होंने कई उपलब्धियां हासिल कर समाज के लिए अपना अहम योगदान दिया है। ये उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं जो अकेले अपने दम पर अपने सपने को पूरा करना चाहती हैं।

## धोंडूताई कुलकर्णी

शास्त्रीय गायिका



जन्म - 23 जुलाई 1927, कोल्हापुर
निधन- 1 जून 2014, मुंबई

धोंडूताई कुलकर्णी एक प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय गायिका थीं और महान गायिका केसरबाई केरकर की अंतिम शिष्याओं में से एक थीं। वह जयपुर-अतरौली घराने से थीं, जो हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का एक स्कूल है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में जन्मी, उन्होंने कम उम्र में ही संगीत प्रतिभा दिखाई और केसरबाई केरकर की शिष्या बनने से पहले भुर्जी खान और अंजनीबाई मालपेकर सहित कई प्रतिष्ठित संगीतकारों से प्रशिक्षण लिया। धोंडूताई अपनी गहरी, ध्यानपूर्ण प्रस्तुतियों और रागों पर पकड़ के लिए जानी जाती थीं। अपने कम-प्रोफ़ाइल जीवन के बावजूद, उन्होंने जयपुर-अतरौली परंपरा को संरक्षित करने के लिए अपने समर्पण और योगदान के लिए सम्मान अर्जित किया। उनका जीवन और संगीत शास्त्रीय संगीत के प्रति उत्साही लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है।

## सेल्मा डिसिल्वा

फील्ड हॉकी खिलाड़ी



जन्म- 24 जुलाई 1957, मुंबई

मुंबई में जन्मी सेल्मा डिसिल्वा एक पूर्व भारतीय फील्ड हॉकी खिलाड़ी हैं, जिन्हें खेल में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है। वह 1970 और 1980 के दशक में भारतीय महिला हॉकी टीम की एक महत्वपूर्ण सदस्य थीं, जो फॉरवर्ड के रूप में खेलती थीं। डिसिल्वा ने कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 1980 का मॉस्को ओलंपिक शामिल है, जहाँ पहली बार महिला हॉकी की शुरुआत हुई थी, और 1982 के एशियाई खेल, जहाँ भारत ने रजत पदक जीता था। अपनी गति, कौशल और गोल करने की क्षमताओं के लिए जानी जाने वाली, उन्होंने भारत में महिला हॉकी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेवानिवृत्त होने के बाद, सेल्मा डिसिल्वा ने विभिन्न क्षमताओं में खेल के विकास में योगदान देते हुए, भावी पीढ़ियों को प्रेरित करना जारी रखा।

## सिस्टर निर्मला जोशी

वकील और सामाजिक कार्यकर्ता



जन्म- 23 जुलाई 1934, रांची, झारखंड
निधन- 23 जून 2015

सिस्टर निर्मला जोशी एक भारतीय रोमन कैथोलिक नन थीं, जिन्होंने 1997 में मदर टेरेसा के बाद मिशनरीज ऑफ चैरिटी की सुपीरियर जनरल का पद संभाला था। झारखंड के रांची में एक ब्राह्मण परिवार में जन्मी, उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया और 1976 में मिशनरीज ऑफ चैरिटी में शामिल हो गईं। उनके पास राजनीति विज्ञान में मास्टर डिग्री और कानून की डिग्री थी, जिससे उनके आध्यात्मिक और धर्मार्थ प्रयासों में बौद्धिक गहराई आई। उनके नेतृत्व में, मिशनरीज ऑफ चैरिटी ने दुनिया भर में अपनी पहुँच का विस्तार किया, जिससे मदर टेरेसा की सबसे गरीब लोगों की सेवा करने की विरासत को आगे बढ़ाया जा सका। अपनी विनम्रता, करुणा और प्रशासनिक कौशल के लिए जानी जाने वाली, सिस्टर निर्मला को 2009 में भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उनका जीवन समर्पित सेवा और अटूट विश्वास का प्रमाण है।

## मालती देवी चौधरी

स्वतंत्रता सेनानी-सामाजिक कार्यकर्ता




जन्म- 26 जुलाई 1904, बिहार
निधन- 15 मार्च 1998

मालती देवी चौधरी एक प्रमुख भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता और गांधीवादी नेता थीं। पूर्वी बंगाल में एक संपन्न परिवार में जन्मी, उन्होंने विश्वभारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन में उच्च शिक्षा प्राप्त की, जहां वे रवींद्रनाथ टैगोर से प्रभावित थीं। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी और ओडिशा के भावी मुख्यमंत्री नवकृष्ण चौधरी से विवाह किया। मालती देवी ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बाद में सामाजिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया, आदिवासी अधिकारों, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की वकालत की। उन्होंने आदिवासी बच्चों के लिए एक आवासीय विद्यालय, बाजीरौत छात्रावास की स्थापना की। उनके योगदान ने उन्हें 1963 में पद्म श्री दिलाया।

## तन्वी खन्ना

प्रतिष्ठित स्क्वैश खिलाड़ी




जन्म : 23 जुलाई 1996

तन्वी खन्ना एक प्रतिष्ठित भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी हैं। नई दिल्ली से आने वाली तन्वी ने 2016 में अपना पेशेवर करियर शुरू किया और जल्द ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्क्वैश सर्किट में अपना नाम बना लिया। तन्वी ने एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों सहित कई टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और राष्ट्रीय टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। अपनी चपलता और सामरिक खेल के लिए जानी जाने वाली तन्वी ने कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती हैं और प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (PSA) में अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की है। तन्वी भारतीय खेलों में एक प्रेरक व्यक्तित्व बनी हुई हैं, जो युवाओं के बीच स्क्वैश को बढ़ावा देती हैं।

## कल्पना दत्ता

क्रांतिकारी-स्वतंत्रता सेनानी



जन्मः 27, जुलाई 1913
निधनः 08 फरवरी 1995

कल्पना दत्ता एक प्रमुख भारतीय क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थीं। चटगांव, बंगाल (अब बांग्लादेश) में जन्मी, वह चटगांव जुगंतार पार्टी में शामिल हुईं और सूर्य सेन के नेतृत्व में 1930 के चटगांव शस्त्रागार छापे में भाग लिया। कई महीनों तक गिरफ्तारी से बचने के बाद, उन्हें 1933 में पकड़ लिया गया और आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई। 1939 में रिहा होने के बाद, वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हो गईं और महिलाओं के अधिकारों और मज़दूर आंदोलनों के लिए काम किया। कल्पना के साहस और समर्पण ने उन्हें ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ़ प्रतिरोध का प्रतीक बना दिया। उनके जीवन और योगदान को समृद्ध इतिहास के रूप में मनाया जाता है।

# आसान घरेलू उपाय से पाएं बेदाग चेहरा



चेहरे पर होने वाले दाग-धब्बे, जैसे मुंहासे, काले धब्बे और फुंसियां, परेशान करने वाले हो सकते हैं और आपके आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकते हैं। शुक्र है, ऐसे सरल और प्रभावी घरेलू उपचार हैं जो आपके घर में पहले से मौजूद प्राकृतिक सामग्रियों का इस्तेमाल करके दाग-धब्बों को कम करने और रोकने में मदद कर सकते हैं। ये उपाय शहद, एलोवेरा और हल्दी जैसी सामग्रियों का इस्तेमाल करके आपकी त्वचा को शांत, स्वस्थ और साफ़ करते हैं। इन आसान उपचारों को अपनी स्किनकेयर रूटीन में शामिल करने से आपकी त्वचा साफ़ और अधिक चमकदार हो सकती है।

### शहद और नींबू



शहद और नींबू दोनों में जीवाणुरोधी गुण होते हैं। एक चम्मच शहद में नींबू के रस की कुछ बूँदें मिलाएँ। इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर गर्म पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को सप्ताह में 2-3 बार दोहराएँ।

### एलोवेरा जेल



एलोवेरा अपने सुखदायक और उपचारात्मक गुणों के लिए जाना जाता है। ताज़ा एलोवेरा जेल को सीधे दाग-धब्बों पर लगाएं और रात भर लगा रहने दें। सुबह अपने चेहरे को पानी से धो लें। बेहतरीन नतीजों के लिए इस उपाय का रोज़ाना इस्तेमाल करें।

### हल्दी का पेस्ट

हल्दी में सूजन-रोधी और जीवाणुरोधी गुण होते हैं। एक चम्मच हल्दी पाउडर और पानी या शहद की कुछ बूंदें मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को प्रभावित एरिया पर लगाएं और गुनगुने पानी से धोने से पहले 10-15 मिनट तक लगा



रहने दें। सप्ताह में 2-3 बार दोहराएं।

### टी ट्री ऑयल



टी ट्री ऑयल एक शक्तिशाली प्राकृतिक एंटीसेप्टिक है। नारियल या जैतून के तेल जैसे वाहक तेल के साथ टी ट्री ऑयल की कुछ बूंदें मिलाएं। इस मिश्रण को कॉटन बॉल का उपयोग करके अपने दाग-धब्बों पर लगाएं। इसे कुछ घंटों या रात भर के लिए लगा रहने दें। इस उपाय का इस्तेमाल रोज़ाना करें।

### एप्पल साइडर विनेगर




एप्पल साइडर विनेगर त्वचा के pH लेवल को संतुलित करने में मदद करता है। इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। एप्पल साइडर विनेगर और पानी को बराबर मात्रा में मिलाएं। इस घोल को कॉटन बॉल का उपयोग करके अपने चेहरे पर लगाएं। इसे 5-10 मिनट के लिए लगा रहने दें, फिर पानी से धो लें। इस उपाय का इस्तेमाल दिन में एक बार करें।

### बेकिंग सोडा स्क्रब



बेकिंग सोडा त्वचा को एक्सफोलिएट करने और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद करता है। एक चम्मच बेकिंग सोडा और पानी की कुछ बूंदों का उपयोग करके पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर एक मिनट के लिए गोलाकार गति में धीरे-धीरे मालिश करें, फिर पानी से धो लें। इस स्क्रब का इस्तेमाल हफ़्ते में 2-3 बार करें।

### खीरे का मास्क



खीरे में ठंडक और आराम देने वाले गुण होते हैं जो सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। आधे खीरे को पीसकर चिकना पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और पानी से धोने से पहले इसे 20 मिनट के लिए लगा रहने दें। इस मास्क का इस्तेमाल हफ़्ते में 2-3 बार करें।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें।

**वृष** — मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें।

**मिथुन** — अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कर्क** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी।

**सिंह** — उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है।

**कन्या** — सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**तुला** — बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**वृश्चिक** — रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है।

**धनु** — लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा।

**मकर** — घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। विवेक का प्रयोग करें।

**मीन** — किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी।

# धन की देवी लक्ष्मी जी की अद्भुत कृपा पाने के उपाय

शुक्रवार माता लक्ष्मी जी की पूजा का दिन है। अगर आप भी धन की देवी लक्ष्मी जी की अद्भुत कृपा पाना चाहते हैं तो निम्न आसान उपाय और मंत्र से करें माता को प्रसन्न :-



### श्रीमहालक्ष्मी मां की कृपा प्राप्ति के उपाय

शुक्रवार के दिन कमल गट्टे की माला से 'ॐ कमलायै नमः' इस मंत्र का अधिक से अधिक माला जप करें।

धनवान बनने की चाहत हैं तो शुक्रवार के दिन दक्षिणावर्ती शंख में जल भरें और श्री विष्णु जी का अभिषेक तथा लक्ष्मी पूजन करें। इस उपाय से जल्द ही धन एवं सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

लक्ष्मी पूजन करके तिजोरी में 1 खड़ी हल्दी और एक सिक्का रखने से विष्णु और लक्ष्मी जी खुश होकर घर से गरीबी और दरिद्रता को दूर भगाकर धन के नए रास्ते खोलती है।

लक्ष्मी जी को प्रसन्न करने तथा शुक्र की शांति के लिए शुक्रवार के दिन व्हाइट, चमकीले और पिंक कलर का अधिक से अधिक उपयोग करें। इससे जीवन में खुशहाली का आगमन होगा।



प्रियंका जैन
9769994439


आज अपनी श्रद्धानुसार फल, मिठाई, सूखे मेवे आदि का प्रसाद देवी लक्ष्मी के मंदिर में अर्पित करने से जीवन को खुशहाल बना सकते हैं।

आज महालक्ष्मी स्तोत्र, विष्णु सहस्रनाम, लक्ष्मी चालीसा, श्री सूक्त का पाठ करने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होकर धनवान बनने का आशीष देती है।

शुक्रवार के दिन माता लक्ष्मी के मंदिर में श्रीफल, बताशे और नारियल के लड्डू अर्पित करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। ये माता लक्ष्मी की प्रिय चीजें हैं।

### आज के खास महालक्ष्मी , मां के मंत्र-

'श्री महालक्ष्म्यै नमः'

'श्री ह्रीं क्लीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः'

'ॐ श्रीं श्रियै नमः'

'श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।'

'ॐ कमलवासिन्यै श्रीं श्रियै नमः।'

इनमें से किसी 1 मंत्र का जाप प्रतिदिन अथवा हर शुक्रवार को नियमित समय पर 108 बार करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होकर धन और अद्भुत कृपा प्रदान करती है।

## खबर संक्षेप

### मां और बेटी का शव बरामद



**रांची।** रांची के बुढ़मू अंतर्गत साड़म गांव में एक युवती और उनकी तीन वर्षीय बेटी का शव सोमवार को बरामद किया गया। मृतकों की पहचान संगीता देवी और अनुष्का कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी सुबह सबसे पहले उनके पति और परिजनों की दी। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। ग्रामीणों ने शव को देखकर हत्या की आशंका जतायी है। वहीं, पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृत युवती और उसकी बेटी के गले, आंख और चेहरे में चोट का निशान पाये गए हैं। इसके बाद से ही रांची की बुढ़मू पुलिस और ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे हैं। मृत युवती के पिता ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मर्डर को आत्महत्या का रंग देने के उद्देश्य से शव को तालाब में फेंका गया।

### लोहा लदा ट्रेलर पलटा

**कोडरमा।** कोडरमा जिला के रांची-पटना मार्ग पर लोहा लदा ट्रेलर पलट गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घटना सोमवार सुबह कोडरमा घाटी के पास स्थित नौवा माइल पर हुई है। मृतकों की पहचान मुन्ना राय (40 वर्ष, पिता- योगी राय बिहार के मोतिहारी निवासी) और पांची लाल राय (48 वर्ष, पिता बुधन राय बिहार के हाजीपुर निवासी ) के रूप में हुई है। जबकि घायल का नाम रमेश यादव है। वह बिहार के पूर्वी चंपारण जिले का रहने वाला है।

जानकारी के अनुसार ट्रेलर (नंबर डब्ल्यूबी-15सी-5919) में बंगाल से लोहा लोड कर बिहार ले जाया जा रहा था। इस दौरान कोडरमा घाटी नौवा माइल के पास एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर पर सवार तीनों लोग बुरी तरह फंस गए। जब इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को मिली तो वह तुरंत ही रवाना हो गयी। इसके बाद वहां पर पहुंचकर क्रेन की मदद से तीनों घायलों को बाहर निकाला। आनन फानन में सभी घायलों के इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मुन्ना राय व पांची लाल राय को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रमेश यादव को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव का कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है।

# असारवा-जयपुर ट्रेन को 'डिरेल' करने की बड़ी साजिश

## ट्रैक पर डाले लोहे के सरिये, मचा हड़कंप

एजेंसी । डूंगरपुर

असारवा से जयपुर वाया उदयपुर ट्रेन (12982) को 'डिरेल' करने की बड़ी साजिश की गई है। डूंगरपुर से ऋषभदेव के लिए रविवार रात्रि करीब 11 बजे के आसपास रवाना हुई ट्रेन को पटरी से उतार बड़ा रेल हादसा करने के लिए बदमाशों ने कोटाणा के पास लोहे के सरिये डाल दिए। पर, लोको-पायलट ने ट्रैक पर सरिये पड़े देख ट्रेन को रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



### करीब 1800 से अधिक यात्री थे सवार

रेलवे सूत्रों के अनुसार ट्रेन में करीब 18 डिब्बे थे। प्रत्येक डिब्बे में 100 से 150 यात्री अमूमन रहते हैं। रविवार रात्रि को डूंगरपुर स्टेशन पर करीब 125 यात्री उतरे थे तथा 150 से अधिक यात्री ट्रेन में नए सवार हुए थे। ऐसे में करीब 1800 से 2000 यात्री सवार थे। यदि मोटे सरिये की चपेट में ट्रेन के चक्के आ जाते तो ट्रेन पटरी से उतर कर डिब्बे पलट या कुछ भी हो सकता था। गनीमत रही कि हादसा टल गया।

### मचा हड़कंप, दौड़ी रेलवे पुलिस

रात्रि करीब 11 बजे बाद हुए हादसे के बाद रेलवे पुलिस सहित रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया है। उत्तर पश्चिमी रेलवे के उच्चाधिकारियों ने पूरे मामले की तफ्तीश के लिए रेलवे पुलिस के पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही जांच कमेटी भी गठित कर दी है। वहीं, सोमवार को जीआरपी पुलिस ने सदर थाना पहुंच कर पूरे घटनाक्रम को लेकर प्रकरण दर्ज करवाया है।

### यूं टला हादसा

डूंगरपुर से रविवार रात्रि को करीब 11 बजे असारवा से जयपुर ट्रेन पहुंची। करीब पांच मिनट बाद ही ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। ट्रेन ने अभी रफ्तार भी नहीं पकड़ी थी कि शहर से करीब पांच किलोमीटर दूर छैला खेरवाड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत कोटाणा के पास पहुंचते ही लोको पायलट को पटरियों पर कोई चमकती हुई चीज दिखाई दी। इस पर उन्होंने सुझबुझ दिखाते हुए गति बहुत कम कर दी। पर, इसके बावजूद कई सरिये इंजन के केटन गार्ड में फंस गए। यह लोहे के सरिये आरसीसी में काम आने वाले थे। लोको पायलट एवं ट्रेन के अन्य स्टॉफ ने मिलकर सरियों को निकाला तथा ट्रेक से हटाया। करीब 12 एमएम के 10-15 लोहे के सरिये थे। इस बीच ट्रेन करीब 25 मिनट बीच जंगल में खड़ी रही। ट्रैक खाली होने के बाद ट्रेन उदयपुर पहुंची।

# प्राइवेट व रोडवेज बस की आमने-सामने भिड़ंत

## तीन की मौत और 26 घायल

एजेंसी । रामपुर

हरिद्वार से यात्रियों को लेकर सोमवार जमुनहा वापस लौट रही प्राईवेट बस की रामपुर में निगम की बस से आमने सामने भिड़ंत हो गई। घटना में जमुनहा तहसील क्षेत्र निवासी तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि 26 लोग घायल हो गए। जिन्हें आसपास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जमुनहा तहसील क्षेत्र से प्राइवेट बस यूपी 70 बीटी 0592 बुक कराकर 49 लोग बुधवार शाम शांतिकुंज हरिद्वार गए थे। जहां से सभी सोमवार को वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बस रामपुर जिले के थाना मिलक नगर हाईवे स्थित भैरव बाबा मंदिर पहुंची तभी सामने से आ रही साहिबा बाग डिपो की बस यूपी 32 एमएन 8147 से आमने सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर काफी तेज होने के कारण रोडवेज बस चालक सहित प्राईवेट बस में सवार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के वीरगंज बाजार निवासी मनोहर मौर्या (60) पुत्र स्वामी दयाल, कथरा बाजार निवासी जगदीश गुप्ता (45) पुत्र सुंदर लाल गुप्ता व हरीराम विश्वकर्मा (60) पुत्र छोटे की मौत हो गई। जबकि 26 लोग घायल हो गए जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### यह हुए हैं घायल



मल्हीपुर निवासी अमित गुप्ता पुत्र जगदीश प्रसाद, जमुनहा निवासी रवी पुत्र दिनेश कुमार, शिव कुमार पुत्र रामस्वरूप, राजेश कुमार पुत्र कमल प्रसाद, रामसुमोहित पुत्र चंगुम, लक्ष्मनपुर कोठी निवासी पवन पुत्र शिवनारायन, कन्हैया पुत्र पवन कुमार, अभिनंदन पुत्र कृष्ण पाल, कन्हैया पुत्र अनिल कुमार, संगीता पत्नी पवन, अंशिका पुत्री पवन, लक्ष्मनपुर गंगापुर निवासी प्रहलाद पुत्र रामलखन, भगवानपुर निवासी सत्यपाल पुत्र जगन्नाथ सिंह व हरदत्त नगर गिरंट के देवरनिया निवासी अभय पुत्र शिवकुमार, जयलाल पुरवा निवासी कमलेश पुत्र गोमती, गिरंट बाजार निवासी रविनंदन पुत्र कृष्ण पाल, पुष्पेंद्र व रविनंदन पुत्रगण कृष्ण गुप्ता, कृष्ण गुप्ता पुत्र सुंदर लाल, ममता पत्नी तीरथ, कमलेश कुमार पुत्र राम प्रसाद, कमलेश कुमारी पत्नी रामप्रसाद, सुजानडीह निवासी बेचन पुत्र छोटू, रामपति पत्नी राम समोहित, रेशमा पत्नी बेचन, रमेश पुत्र सीताराम घायल हो गए। इनमें से प्रहलाद, अभिनंदन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# पुलिस दफ्तर में बच्चों संग आई महिला ने खुद पर उड़ेला पेट्रोल

**गोरखपुर।** गोरखपुर महिला पुलिस दफ्तर भी अलीगढ़ का पुलिस थाना बनने से बच गया। एक सिपाही की तत्परता ने दफ्तर के अंदर होने वाले एक बड़े हादसे को रोक लिया। सोमवार दोपहर में कैंपियरगंज से आई महिला ने महिला पुलिस दफ्तर के अंदर प्रवेश कर अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया। दो बार लाइटर जलाकर आग लगाने का प्रयास किया, लेकिन लाइटर जला नहीं। इसी बीच पास में खड़े एसएसपी स्कॉट के एक सिपाही ने हिम्मत दिखाई और महिला के साथ से पेट्रोल और लाइटर छीन लिया।



### क्या है मामला ?

दरअसल, महिला पिछले 8 जुलाई से ही कैंपियरगंज थाने में कार्रवाई के लिए शिकायती पत्र लेकर घूम रही है। महिला का आरोप है कि कैंपियरगंज के करमहवां में उसके खेत है। इसी के बगल में कुछ अन्य लोगों का भी खेत है। वे अपनी जमीन के सहारे हमारी जमीन पर दबंगई से कब्जा करना चाहते हैं। इसे लेकर उनके ऊपर दबान बनाने के साथ जमीन का पैमाइश कराने की बात कहने पर उनके द्वारा गंदी गाली दी जाती है और लाठी डंडा लेकर उन्हें मारने भी दौड़ आते हैं। इसके अलावा विरोधी धमकी देते हैं कि वो पुलिस से नहीं डरते हैं और शिकायत करने पर उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। इसी सब से निराश होकर महिला सोमवार की दोपहर अपने तीन बच्चों के साथ पुलिस आफिस पहुंच गई। हाथ में पेट्रोल लेकर आई महिला खुद पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगाने की कोशिश में थी। इस दौरान मौके पर मौजूद सिपाही हरीश यादव ने महिला के हाथ से पेट्रोल का डिब्बा और लाइटर छीन लिया। इस घटना की जानकारी होने पर एसएसपी गौरव ग्रोवर ने महिला को बुलाकर मदद करने का आश्वासन दिया है।

# भजनलाल सरकार का बड़ा एक्शन

## पेपर लीक माफिया के घर पर चला बुलडोजर

**चूरू।** राजस्थान में पेपर लीक मामले में भजनलाल सरकार लगातार सख्त एक्शन ले रही है। इसी कड़ी में अब चूरू में पेपर लीक माफिया यूनिक उर्फ विवेक भांभू के घर पर बड़ी कार्रवाई हुई है। प्रशासन ने पेपर लीक प्रकरण में फरार चल रहे सरगना यूनिक भांभू के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया है। बता दें कि लंबे समय से फरार चल रहे यूनिक भांभू पर 1 लाख रुपए का इनाम घोषित है। चूरू में नगर परिषद ने यूनिक के अवैध निर्माण को चिन्हित करने के बाद आज दोपहर ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की। यूनिक ने पूनिया कॉलोनी में 114-115 नंबर प्लॉट में मकान बना रखा था। नगर परिषद ने आज अवैध व गैर नियमानुसार बने ढांचे को बुलडोजर से गिरा दिया। इस दौरान भारी तादात में पुलिस जाब्ता भी मौजूद रहा। वहीं, आसपास लोगों की भीड़ भी जमा हो गई।

### आरोपी ने इन परीक्षाओं में की धांधली



आरोप है कि वह एसआई भर्ती परीक्षा 2021, जेईएन भर्ती परीक्षा 2021 सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक कर 500 से अधिक लोगों की सरकारी नौकरी लगवा चुका है। जिनमें से 250 से ज्यादा लोग तो उसके परिवार व रिश्तेदारी में हैं। वो खुद भी पिछली वनपाल भर्ती में वनपाल बना था। ऐसे में आशंका है कि उसने वनपाल और वनरक्षक भर्ती का भी पेपर लीक करवाया था। यूनिक भांभू ने जयपुर स्थित हसनपुरा की रविंद्र बाल भारती स्कूल से एसआई भर्ती का पेपर चुराया था। इसके लिए स्कूल के कर्मचारी राजेश को दस लाख रुपए दिए थे। पेपर चुराने के बाद गिरोह के साथी जगदीश विश्नोई को वाट्सऐप के माध्यम से पेपर भेजा था। मास्टरमाइंड यूनिक भांभू ही परीक्षा केंद्रों से भी पेपर लीक करवाता था। राजेंद्र यादव ने जयपुर के सरकारी स्कूल में स्ट्रॉन्ग रूम से जेईएन भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करवाने के बाद भांभू के मोबाइल पर ही भेजा था।



## सरकारी कर्मियों के RSS से जुड़ने पर लगा पाबंदी हटाने पर भड़कीं मायावती

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में शामिल होने को लेकर सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों लगी पाबंदी हटने से बसपा सुप्रीमो मायावती नाराज हैं। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा- 'सरकारी कर्मचारियों को आरएसएस की शाखाओं में जाने पर 58 वर्ष से जारी प्रतिबंध को हटाने का केन्द्र का निर्णय देशहित से परे, राजनीति से प्रेरित संघ तुष्टीकरण का निर्णय, ताकि सरकारी नीतियों व इनके अहंकारी रवैयों आदि को लेकर लोकसभा चुनाव के बाद दोनों के बीच तीव्र हुई तल्खी दूर हो। सरकारी कर्मचारियों को संविधान व कानून के दायरे में रहकर निष्पक्षता के साथ जनहित व जनकल्याण में कार्य करना जरूरी होता है जबकि कई बार प्रतिबन्धित रहे आरएसएस की गतिविधियाँ काफी राजनीतिक ही नहीं बल्कि पार्टी विशेष के लिए चुनावी भी रही हैं। ऐसे में यह निर्णय अनुचित, तुरन्त वापस हो।'

## व्यापार जगत

# सेंसेक्स 102 अंक की गिरावट के साथ 80,502 पर बंद

## निफ्टी भी 21 अंक गिरा

## विप्रो के शेयर में 9.31% की गिरावट रही

एजेंसी । मुंबई

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 22 जुलाई को शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार देखने को मिला। सेंसेक्स 102 अंक की गिरावट के साथ 80,502 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 21 अंक की गिरावट रही, ये 24,509 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 15 में तेजी और 15 में गिरावट देखने को मिली। वहीं, कमजोर तिमाही नतीजों के बाद आज विप्रो के शेयर में 9.31% की गिरावट रही। इससे पहले शुक्रवार यानी 19 जुलाई को शेयर मार्केट ने लगातार तीसरे कारोबारी दिन ऑल टाइम हाई बनाया था।



### शुक्रवार को बाजार ने बनाया था ऑल टाइम हाई

इससे पहले शुक्रवार को शेयर बाजार ने लगातार तीसरे कारोबारी दिन ऑल टाइम हाई बनाया था। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 81,587 और निफ्टी ने 24,853 का स्तर छुआ। हालांकि, इसके बाद बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 738 अंक की गिरावट के साथ 80,604 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में भी 269 अंक की गिरावट रही, ये 24,530 के स्तर पर बंद हुआ था।

### एशियाई बाजारों में रहा मिला-जुला कारोबार

रिलायंस, कोटक महिंद्रा बैंक, ICICI बैंक और लार्सन एंड टुब्रो बाजार को नीचे गिराया। जबकि, HDFC बैंक, इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और NTPC ने बाजार को ऊपर खींचा। एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार देखने को मिला। जापान के निक्केई इंडेक्स में 1.16% और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.61% की गिरावट रही। वहीं, हांगकांग के हैंगसेंग में 1.25% की तेजी रही।

# सात प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान मानसून पर निर्भर : नागेश्वरन

एजेंसी । नई दिल्ली

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि आर्थिक समीक्षा में चालू वित्त वर्ष के लिए 6.5 से 7.0 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बहुत सूझबूझ के साथ जताया गया है और यह मानसून की प्रगति पर निर्भर करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में 2023-24 की आर्थिक समीक्षा पेश किये जाने के बाद नागेश्वरन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर हासिल की जा सकती है लेकिन यह इस बात पर निर्भर है कि मानसूनी बारिश कैसी होती है। उन्होंने कहा कि हम बहुत सूझबूझ के साथ वृद्धि दर के अनुमान को जताते हैं। यही कारण है कि हमने 2024-25 के लिए देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। नागेश्वरन ने कहा कि अर्थव्यवस्था में गतिविधियां तेज हैं और निजी पूंजीगत व्यय में तेजी आई है। समीक्षा तैयार करने वाले मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत में विदेशों से लिया गया कर्ज अनुपात काफी कम है।

# IDBI बैंक का पहली तिमाही में मुनाफा 40% बढ़ा

## आय 3% घटकर 7,471 करोड़ रही, ब्याज आय भी 2.81% घटी

एजेंसी । मुंबई

IDBI बैंक का अप्रैल-जून तिमाही में स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 40.44% बढ़कर 1,719.27 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में ये 1,224.18 करोड़ रहा था। तिमाही आधार पर भी बैंक का नेट प्रॉफिट 5.57% बढ़ा है। पिछली तिमाही (Q4 FY24) में बैंक का मुनाफा 1,628.46 करोड़ रुपए रहा था। IDBI ने सोमवार (22 जुलाई) को Q1FY25 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।

### आय 3.12% घटकर 7,471.25 करोड़ रही




वहीं जून तिमाही में बैंक की टोटल इनकम यानी आय सालाना आधार पर 3.12% घटकर 7,471.25 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 7,711.95 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर भी बैंक की इनकम 5.26% घटी है। रिजल्ट के बाद सोमवार को IDBI बैंक का शेयर 0.83% बढ़कर 89.60 रुपए पर बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 99.90 हजार करोड़ रुपए हो गया है। बीते छह महीने में बैंक के शेयर ने अपने निवेशकों को 17.28% रिटर्न दिया है।

# रुपया तीन पैसे बढ़कर 83.67 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया सोमवार को तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.67 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों के अपने उच्च स्तर से नीचे आने के कारण रुपये में मजबूती आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रुपया अबतक के सबसे निचले स्तर से उबर गया है और सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है, क्योंकि मिश्रित से लेकर कमजोर घरेलू बाजारों ने रुपये पर दबाव डाला है। हालांकि, अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों के नरम पड़ने की वजह से गिरावट पर कुछ अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.66 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में कारोबार के दौरान यह 83.65 के उच्चस्तर तक गया तथा 83.68 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक आया। अंत में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले यह 83.67 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की मजबूती है।

# रेवेन्यू में गिरावट के बाद विप्रो का शेयर 9.31% गिरा

## Q1FY25 में कंपनी की आय सालाना आधार पर 3.8% घटी

एजेंसी । मुंबई

पहली तिमाही के नतीजे के बाद विप्रो के शेयर में करीब 9% से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। दिनभर कारोबार करने के बाद कंपनी का शेयर 9.31% की गिरावट के साथ 505.35 के स्तर पर बंद हुआ। दरअसल, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कंपनी का मुनाफा तो बढ़ा है, लेकिन रेवेन्यू में गिरावट आई है। अप्रैल-जून तिमाही में विप्रो का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 4.63% बढ़कर 3,003 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 2,870 करोड़ रुपए था। हालांकि, विप्रो के आय (रेवेन्यू) में सालाना आधार पर 3.8% की गिरावट आई है। Q1FY25 में कंपनी का रेवेन्यू 21,964 करोड़ रुपए रहा। जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में रेवेन्यू 22,831 करोड़ रुपए था। कंपनी ने शनिवार, 20 जुलाई को नतीजे जारी किए थे।




### इस साल अब तक 5.91% चढ़ा विप्रो का शेयर

पिछले 5 दिन में विप्रो के शेयर में 9% से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। हालांकि, पिछले एक महीने में विप्रो के शेयर ने 3.02% और 6 महीने में 7.54% का पॉजिटिव रिटर्न दिया है। वहीं, इस साल अब तक कंपनी के शेयर में 5.91% की तेजी देखने को मिली है। नेट इनकम सालाना आधार पर 4.6% बढ़ी Q1FY25 में विप्रो की नेट इनकम बढ़कर 3604 करोड़ रुपए हो गई है, जो सालाना आधार पर 4.6% और तिमाही आधार पर 5.9% की बढ़ोतरी है।

# सोना 100 रुपए मजबूत, चांदी 600 रुपए फिसली



**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की लिवाली बढ़ने तथा विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 100 रुपये की मजबूती के साथ 75,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। हालांकि चांदी की कीमत 600 रुपये टूटकर 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले कारोबारी सत्र में शनिवार को सोना 75,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सूत्रों ने सोने की कीमतों में तेजी का कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख तथा स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग को बताया। 18 जुलाई से पिछले चार सत्रों में चांदी 3,400 रुपये प्रति किलोग्राम तक गिर चुकी है। 18 जुलाई को यह 400 रुपये की गिरावट के साथ 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजार कॉमेक्स में सोना 2,451.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 4.90 डॉलर की बढ़त है।

**ऐलान :** चौथा ओलंपिक खेलने जा रहे 36 वर्षीय गोलकीपर ने टोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी

# पेरिस ओलंपिक के बाद हॉकी को अलविदा कह देंगे पीआर श्रीजेश

**एजेंसी । पेरिस**

अनुभवी गोलकीपर और भारत के पूर्व हॉकी कप्तान पीआर श्रीजेश पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास ले लेंगे। उन्होंने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के जरिये सोमवार को यह जानकारी दी। श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक होगा, साथ ही आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। हॉकी इंडिया ने श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए 'विन इट फॉर श्रीजेश (श्रीजेश के लिए जीतना है) का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा।

मैं पेरिस में अपने आखिरी टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा हूं, मुझे अपने करियर पर बहुत गर्व है और उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा हूं। मेरी अब तक की यात्रा असाधारण रही है और और मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, सभी कोच, प्रशंसकों और हॉकी इंडिया के प्यार और समर्थन के लिए हमेशा आभारी हूं।
**-पीआर श्रीजेश, भारतीय**




### टोक्यो में दिलाया था कांसा

भारत के लिए 328 मैच खेलने वाले और कई राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों और विश्व कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में शानदार गोलकीपिंग से भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। उन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारतीय टीम स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 का टिकट पक्का करने में सफल रही।

### अंतरराष्ट्रीय सफर

- 2006 में भारतीय राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण किया
- 328 मैच अभी तक भारतीय टीम की ओर से खेले
- 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता टीम में रहे
- 2018 एशियाड में कांस्य विजेता टीम में भी शामिल
- 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की संयुक्त विजेता टीम के सदस्य
- 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता टीम
- 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता टीम के सदस्य रहे
- 2022 में भारत को हॉकी प्रो लीग में तीसरे स्थान पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई

### पदक का रंग बदलने की आशा

श्रीजेश ने हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में कहा कि उन्होंने टीम साथियों को संन्यास के फैसले से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा, मेरे साथी मुश्किल समय में मेरे साथ खड़े रहे हैं। हम सभी पेरिस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके निश्चित रूप से अपने पदक का रंग बदलना चाहते है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, श्रीजेश मुश्किल से 18 या 19 साल के थे जब मैंने उन्हें पहली बार भारतीय शिविर में देखा था और अगर मुझे सही याद है, तो जब मैं कप्तानी कर रहा था तब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था। वह बहुत विशेष खिलाड़ी हैं और भारतीय हॉकी में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए मेरा दिल खुशी और कृतज्ञता से भर गया है।

### सम्मान

- 2021 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार
- 2021 में 'वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर बने का पुरस्कार जीता
- 2021 और 2022 में में लगातार दो बार एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर रहे

**एशिया कप**

# महिला टीम की नजर सेमीफाइनल में जगह बनाने पर

**एजेंसी । दांबुला**

पहले दो मैच में आसान जीत के बाद भारतीय टीम महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मंगलवार को अपने अंतिम मैच में नेपाल से खेलेगी। उसकी नजर इस मैच में बड़ी जीत दर्ज के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने पर होगी।




### शानदार रहा प्रदर्शन

भारत ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन से हराया है। दूसरी ओर नेपाल ने पहले मैच में अमीरात को हराया पर दूसरे में पाकिस्तान से 9 विकेट से हार गया। भारतीय टीम ने अभी तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है जिसे वह जारी रखने को प्रतिबद्ध होगी। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की थी जबकि अमीरात के खिलाफ कप्तान हरमनप्रीत कौर और रिचा घोष ने अर्धशतक जड़े थे। भारतीय गेंदबाजी में रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर ने शानदार प्रदर्शन किया है। इंदु बर्मा की अगुआई वाली नेपाल की टीम ने अमीरात के खिलाफ जीत से अच्छी शुरुआत की थी पर पाकिस्तान से पस्त हो गई। अब अगर उसे भारत को परेशानी में डालना है तो उसकी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा करेगी समिति

**एजेंसी । कोलंबो**




अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईसीसी) ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में हुए टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा के लिए सोमवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। समिति में न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा को जगह मिली है। समझा जाता है कि आईसीसी को न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास में मैचों के आयोजन पर दो करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार, आईसीसी बोर्ड पुष्टि करता है कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के आयोजन की समीक्षा होगी। तीन निदेशक रोजर ट्वोज, लॉसन नायडू और इमरान ख्वाजा के मार्गदर्शन में यह होगा और ये इसी साल बोर्ड को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

**विश्व जूनियर स्क्वॉश**

## क्वार्टर फाइनल में हारीं भारतीय टीमें

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारत के लड़कों और लड़कियों की टीमें को ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वॉश टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। लड़कों की छठी वरीय टीम चौथी वरीय दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार गई। लड़कियों की टीम को तीसरी वरीय मलेशिया ने 2-1 के अंतर से शिकस्त दी। लड़कों के वर्ग में युवराज वाधवानी ने सेओजिन ओह को 3-2 से हराकर भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई लेकिन शौर्य बावा को जू यंग ना से हार का सामना करना पड़ा। निर्णायक मुकाबले में कुन किम ने अरिहंत केएस को पराजित करके दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में पहुंचाया। लड़कियों के वर्ग में अनाहत सिंह को ही जीत मिली।

## महिला हॉकी टीम ने भारतीय नौसेना अकादमी में किया अभ्यास

**एजेंसी । नई दिल्ली**




भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहली बार भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) में अभ्यास किया। इसमें निशस्त्र लड़ाई का प्रशिक्षण, दौड़ और नाव खींचने जैसी गतिविधियां शामिल थीं जिसका लक्ष्य खिलाड़ियों को मानसिक रूप से अधिक मजबूत और अधिक अनुशासित बनाना था। महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी और फिलहाल नए सिरे से खड़े होने की कोशिश में है। यह अनूठा शिविर केरल के कन्नूर में 15 से 21 जुलाई तक आईएनए पर आयोजित किया गया। इस दौरान अकादमी की हॉकी टीम और भारतीय टीम के बीच दोस्ताना मैच भी खेला गया। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा गया है, आईएनए के अनुशासित माहौल में लगाए गए इस शिविर का लक्ष्य टीम के कौशल का विकास करके एकजुटता और दृढ़ता का भाव खिलाड़ियों में भरना है।

## बेतवे एसए-20 में पार्ल रॉयल्स से जुड़ेंगे जो रूट

**एजेंसी । जोहानिसबर्ग**



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट बेतवे एसए टी-20 लीग के तीसरे सत्र में पार्ल रॉयल्स टीम से जुड़ेंगे। इंग्लैंड के लिए तीनों प्रारूपों में 344 मैच खेलकर 19,219 अंतरराष्ट्रीय रन बना चुके रूट ने 2016 टी-20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुंबई में ग्रुप मैच में 230 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए 44 गेंद पर 83 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई थी। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ फाइनल में भी 36 गेंद पर 54 रन बनाए थे लेकिन इंग्लैंड जीत नहीं सका था। रूट आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स, ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स और आईएलटी-20 में दुबई कैपिटल्स के लिए खेल चुके हैं।

## विक्की कौशल और कैटरीना कैफ को है अच्छी कहानी का इंतजार



अभिनेत्री कैटरीना कैफ और अभिनेता विक्की कौशल की जोड़ी बॉलीवुड की सबसे चर्चित जोड़ियों में से एक है। सोशल मीडिया पर अक्सर दोनों साथ में तस्वीरें साझा करते रहते हैं। प्रशंसक भी विक्की और कैटरीना को साथ में देखना काफी पसंद करते हैं। पिछले कुछ समय से दर्शक इस जोड़ी को साथ में किसी फिल्म में देखने के लिए बेताब हैं। अब इस बीच विक्की ने अभी तक कैटरीना के साथ फिल्म न करने के पीछे की वजह बताई है।

### विक्की ने कही ये बात

विक्की ने कहा, ₹आशा को है कि कैटरीना और मैं जल्द ही किसी फिल्म में नजर आए। हम भी तलाश रहे हैं ऐसी कहानी, लेकिन हम ऐसी कोई फिल्म नहीं करना चाहते जो सिर्फ हमें साथ लेकर ही बना दी जाए। हमारी जोड़ी कहानी की मांग के अनुसार हो, तभी मजा आएगा। हम इंतजार कर रहे हैं और हमें इसकी कोई जल्दी भी नहीं है।

### 'बैड न्यूज' को लेकर चर्चा में हैं विक्की

इन दिनों विक्की फिल्म 'बैड न्यूज' की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। इस फिल्म में तृप्ति डिमरी और एमी विर्क ने भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। सैकनिल्क के मुताबिक, महज 3 दिन में 'बैड न्यूज' ने अब तक 29 .55 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इस फिल्म का निर्देशन आनंद तिवारी ने किया हैं। यह विक्की, एमी और तृप्ति की साथ में पहली फिल्म है। उधर, कैटरीना की आगामी फिल्मों के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।

## अपारशक्ति खुराना की फिल्म 'बर्लिन' पहुंची 'इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न'



आयुष्मान खुराना के भाई और अभिनेता अपारशक्ति खुराना को आखिरी बार अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'जुबली' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई है। अब प्रशंसक उनकी आगामी परियोजना का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपारशक्ति पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'बर्लिन' को लेकर चर्चा में हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूम मचाने वाली इस फिल्म ने अपारशक्ति को एक बार फिर खुश होने का मौका दिया है।

### सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर होगी फिल्म

अपारशक्ति की फिल्म 'बर्लिन' को अब इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न के 15वें संस्करण में प्रदर्शित किया जाएगा। निर्माताओं ने नए पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'फिल्म 'बर्लिन' की रोमांचक यात्रा जारी है। फिल्म का प्रीमियर इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न के 15वें संस्करण में होने वाला है।' बता दें कि 'बर्लिन' का निर्देशन अतुल ने किया है, जिन्होंने 'औरंगजेब', 'मिडनाइट लॉस्ट एंड फाउंड' और 'माइ वाइफ्स मर्डर' का निर्देशन भी उन्होंने ही किया है।

## 'कल्कि 2898 AD' ने 'RRR' को पछाड़ हासिल की उपलब्धि



प्रभास की फिल्म 'कल्कि 2898 AD' का जलवा चौथे सप्ताह में भी दर्शकों के बीच बरकरार है। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज का एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है और इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 616.85 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। 'कल्कि 2898 AD' ने अब तक हिंदी भाषा में 275.9 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसी के साथ यह फिल्म हिंदी में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दक्षिण भारतीय फिल्म बन गई है।

### 'कल्कि 2898 AD' ने 'RRR' को पछाड़ा

'कल्कि 2898 AD' एसएस राजामौली की फिल्म 'RRR' को पछाड़ तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दक्षिण भारतीय फिल्म बन गई है। महज 25 दिन में 'कल्कि 2898 AD' ने हिंदी भाषा में 275 .9 करोड़ रुपये का करोबार कर लिया है, वहीं 'RRR' ने हिंदी भाषा में 274 .31 करोड़ रुपये कमाए थे। इस सूची में पहले स्थान पर 'बाहुबली 2' और दूसरे स्थान पर 'KGF 2' है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन ने भी अभिनय किया है।

## 'मॉडर्न मास्टर्स: एसएस राजामौली' का ट्रेलर जारी



भारतीय सिनेमा की दिशा और दशा बदलने वाले निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबली' और 'RRR' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बाद दुनियाभर में खूब नाम चुके हैं। उनकी फिल्में न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर एक से बढ़कर एक रिकॉर्ड बनाती हैं, बल्कि उनकी फिल्मों के नायक भी रातों-रात सुपरस्टार बन जाते हैं। अब OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स राजामौली पर एक डाक्यूमेंट्री लेकर आ रहा है, जिसका नाम 'मॉडर्न मास्टर्सः एसएस राजामौली' है। अब इस डाक्यूमेंट्री का ट्रेलर सामने आ गया है। 'मॉडर्न मास्टर्सः एसएस राजामौली' का प्रीमियर 2 अगस्त, 2024 से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। अनुपमा चोपड़ा की ओर से प्रस्तुत इस डॉक्यूमेंट्री में जेम्स कैमरून, जो रुसो और करण जौहर के साथ-साथ प्रभास, जूनियर एनटीआर, राणा दग्गुबाती और राम चरण जैसे करीबी दोस्त और सहकर्मी राजामौली के बारे में दिलचस्प जानकारी साझा करते दिखेंगे।

## जैस्मिन भसीन ने अली गोनी को कहा धन्यवाद



जैस्मिन भसीन की आंखों की कार्निया खराब हो गई हैं, जिसके चलते वह देख तक नहीं पा रही हैं। एक कार्यक्रम में आंखों में लेंस पहनने के बाद उन्हें यह परेशानी हुई। डॉक्टर ने जैस्मिन की दोनों आंखों में पट्टी बांधकर उन्हें आराम करने की सलाह दी है। अब जैस्मिन ने इंस्टाग्राम पर बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ अपने कुछ बेहतरीन पलों का एक वीडियो साझा किया। इसके साथ उन्होंने अली के लिए अपने प्यार का इजहार किया है।

### मेरी आंखें बनने के लिए शुक्रिया अली- जैस्मिन

जैस्मिन ने लिखा, 'पिछले कुछ दिन बेहद मुश्किल थे। दर्द और बिना किसी को देखे बहुत बुरा महसूस कर रही थी। बहुत-बहुत धन्यवाद अली मेरे साथ दिन-रात रहने के लिए, बल्कि मेरी आंखें बनने के लिए। मुझे मुस्कुराने और दर्द को भूलने की कोशिश करने और हर मिनट मेरे लिए दुआएं पढ़ने के लिए।' बता दें कि इससे पहले अली ने इंस्टाग्राम जैस्मिन संग अपनी एक तस्वीर साझा उन्हें मजबूत बताया था।

न्यूज़ ब्रीफ

### इजरायल के नए हमले में बच्चों समेत 15 लोगों की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इजरायल द्वारा रात के दौरान किए गए हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजरायल द्वारा किया गया ये नवीनतम हमला ऐसे समय में किया गया है जब इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को अमेरिका के लिए रवाना होंगे, जहां वह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे। इस दौरान नेतन्याहू अमेरिकी संसद को संबोधित करते हुए हमास के खिलाफ नौ महीने से जारी युद्ध के लिए अपना पक्ष रखेंगे, जबकि संघर्ष विराम वार्ता जारी रहेगी।

### JDS नेता सूरज रेवन्ना को मिली जमानत

**बेंगलुरु।** एमएलसी और जेडीएस नेता डॉ सूरज रेवन्ना को पीपुल्स रिप्रेजेंटेटिव कोर्ट ने सशर्त जमानत दे दी। सूरज रेवन्ना को एक व्यक्ति के कथित यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार किया गया था और उन पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं 377, 342, 506 और 34 के तहत आरोप लगाए गए थे। बता दें कि जेडीएस एमएलसी सूरज रेवन्ना पर कर्नाटक पुलिस ने पार्टी कार्यकर्ता के साथ कथित तौर पर अवैध यौन गतिविधि में शामिल होने का आरोप लगाया है।

### मॉल्स के लिए गाइडलाइन बनाएगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार मॉल के लिए गाइडलाइन बनाने जा रही है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने सोमवार को बताया कि धोती पहनकर पहुंचे किसान को मॉल में घुसने से रोकने के मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है। अब मॉल के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। 16 जुलाई को बंगलूरू के एक मॉल में धोती पहनकर पहुंचे किसान को घुसने से रोक दिया गया था। इसके बाद 18 जुलाई को कर्नाटक सरकार ने मॉल को सात दिन के लिए बंद करने का आदेश दिया था।

### पीएम-सूर्य घर योजना के दिशानिर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पीएम-सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के तहत डिस्कॉम को 4,950 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन देने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि डिस्कॉम को प्रोत्साहन देने के मानदंडों में बेसलाइन स्तर के अलावा अतिरिक्त ग्रिड की स्थापना-जुड़ी हुई रूफटॉप सौर क्षमता शामिल है। प्रोत्साहन के प्रभावी वितरण के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

### किसान आंदोलन 2.0 की आहट, 15 अगस्त को ट्रैक्टर मार्च का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारत में किसान आंदोलन 2.0 की आहट सुनाई दे रही है। खबर है कि संयुक्त किसान मोर्चा ने 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस को ट्रैक्टर मार्च निकालने का ऐलान किया है। साथ ही किसानों ने हरियाणा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की भी घोषणा की है। खास बात है कि राजधानी दिल्ली में साल 2021 में गणतंत्र दिवस के दौरान ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया था, जिसके चलते भारी हिंसा और तोड़फोड़ की खबरें सामने आई थीं।

# कांवड़ रूट की दुकानों पर नेमप्लेट जरूरी नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने UP सरकार का फैसला रोका, अगली सुनवाई 26 जुलाई को

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के कांवड़ यात्रा से जुड़े एक आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। यूपी सरकार के आदेश में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों को मालिकों के नाम लिखने को कहा गया है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार के निर्देश पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने तीनों राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। कोर्ट ने कहा कि दुकानदारों को अपना नाम बताने की जरूरत नहीं है। वे सिर्फ यह बताएं कि उनके पास कौन-से और किस प्रकार के खाद्य पदार्थ उपलब्ध हैं। इससे पहले याचिकाकर्ताओं के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यह चिंताजनक स्थिति है, जहां पुलिस अधिकारी समाज को बांटने का बीड़ा उठा रहे हैं। अल्पसंख्यकों की पहचान करके उनका आर्थिक बहिष्कार किया जाएगा। यूपी और उत्तराखंड के अलावा दो और राज्य इसमें शामिल हो गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या यह प्रेस स्टेटमेंट था या औपचारिक आदेश कि इन्हें प्रदर्शित किया जाना चाहिए?






### 'यह कोई औपचारिक आदेश नहीं'

याचिकाकर्ताओं के वकील ने जवाब दिया कि पहले प्रेस स्टेटमेंट था और फिर लोगों में आक्रोश दिखने लगा और इस पर कहा कि यह स्वैच्छिक है, लेकिन वे इसका सख्ती से पालन कर रहे हैं। वकील ने कहा कि यह कोई औपचारिक आदेश नहीं है, बल्कि पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह एक छद्म आदेश है।

### 'आर्थिक स्थिति पर चोट पहुंचेगी'

याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि अधिकांश लोग बहुत गरीब, सब्जी और चाय की दुकान चलाने वाले हैं और इस तरह के आर्थिक बहिष्कार के कारण उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो जाएगी। इसका पालन न करने पर हमें बुलडोजर की कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

### सिंघवी ने यह दलील

सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से कहा कि हमें स्थिति को इस तरह से नहीं बताना चाहिए कि यह जमीनी हकीकत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश की जाए। इन आदेशों में सुरक्षा और स्वच्छता के आयाम भी शामिल हैं। सिंघवी ने कहा कि कांवड़ यात्रा दशकों से होती आ रही है और मुस्लिम, ईसाई और बौद्ध समेत सभी धर्मों के लोग उनकी यात्रा में मदद करते हैं। अब आप उन्हें बाहर कर रहे हैं।

### सिंघवी के तर्क पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा सवाल

सिंघवी ने कहा कि हिंदुओं की ओर से भी बहुत से शुद्ध शाकाहारी रेस्टोरेंट चलाए जाते हैं। इनमें मुस्लिम कर्मचारी भी काम कर सकते हैं। क्या मैं कह सकता हूं कि मैं वहां कुछ भी नहीं खाऊंगा, क्योंकि वहां का खाना किसी न किसी तरह से मुसलमानों या दलितों की ओर से बनाया या परोसा जा रहा है? निर्देश में स्वेच्छा से लिखा है, लेकिन स्वेच्छा कहां है? अगर मैं बताऊंगा तो मैं दोषी हूं और अगर नहीं बताऊंगा तो भी मैं दोषी हूं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या कांवड़ यात्रा के श्रद्धालु (कांवरियां) भी यह उम्मीद करते हैं कि खाना किसी खास श्रेणी के मालिक द्वारा पकाया जाना चाहिए?

# दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने के मामले में एक्शन में महिला आयोग

## डीजीपी को पत्र लिख मांगी रिपोर्ट



**एजेंसी । नई दिल्ली/रीवा**

मध्य प्रदेश के रीवा में एक जमीन विवाद को लेकर दबंगों द्वारा दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने के मामले में अब राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) ने संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस मामले में राज्य के डीजीपी को एक पत्र लिख कर विस्तृत रिपोर्ट की मांग की है। आयोग को इस पूरे मामले पर तीन दिन के अंदर कार्रवाई रिपोर्ट मिलने की उम्मीद है।

### क्या है पूरा मामला?

मालूम हो कि यह घटना एक जमीन विवाद को लेकर हुई थी, जिसमें दबंगों ने दो महिलाओं को जिंदा गाड़ दिया था। हालांकि, स्थानीय लोगों ने समय रहते ही दोनों महिलाओं को बाहर निकाल लिया। वहीं, दोनों पीड़िताओं की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। दरअसल, हिनौवा गांव में एक निजी जमीन पर जबरन सड़क निर्माण को लेकर दोनों महिलाएं विरोध कर रही थी। इसी बीच दबंगों ने दोनों महिलाओं के ऊपर सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली मुरुम डाल दी। इससे एक महिला गले तक और दूसरी कमर तक जमीन में धंस गई।

### मारपीट करने वालों के खिलाफ FIR दर्ज

इस मामले में गंगेव पुलिस चौकी ने डंपर मालिक सहित मारपीट करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इलाज के बाद दोनों महिलाओं की हालत ठीक है।

# सुप्रीम कोर्ट में नीट मामले की हुई सुनवाई

NEET-UG 2024

- सही उत्तर पर राय देगा आईआईटी दिल्ली
- सुप्रीम कोर्ट ने निदेशक से कमेटी बनाने को कहा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को NEET-UG 2024 परीक्षा मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी दिल्ली के निदेशक को मंगलवार दोपहर 12 बजे तक परीक्षा में एक प्रश्न के सही उत्तर पर राय देने के संबंध विषय के तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा। कुछ छात्रों ने प्रश्न के दो विकल्पों के लिए अंक देने के नेशनल स्टेटिंग एजेंसी (NTA) के फैसले को चुनौती दी है। अब कमेटी इसी मामले की जांच करेगी। बता दें कि पेपर लीक और गड़बड़ी का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कल यानी 23 जुलाई को भी जारी रहेगी। दरअसल, सर्वोच्च अदाल में एक याचिका दाखिल की गई। इसमें कहा गया कि किसी विशेष प्रश्न के उत्तर के लिए अंक देने या न देने का अंतिम मेरिट सूची पर असर पड़ता है। अब आईआईटी दिल्ली के निदेशक को तीन विशेषज्ञों की टीम गठित करनी होगी। यह टीम सही उत्तरों पर रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करेगी।



### परमाणु से जुड़े प्रश्न के उत्तर पर उठे सवाल

सर्वोच्च अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की दलीलों पर ध्यान दिया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे। मगर एक विशेष उत्तर देने पर ही कुछ छात्रों को चार अंक मिले हैं। मगर दूसरा भी उत्तर सही है। याचिकाकर्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष दलील दी कि इससे सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची पर खासा प्रभाव पड़ेगा।

### सर्वोच्च अदालत की पीठ ने क्या कहा?

पीठ ने कहा कि हम आईआईटी दिल्ली के निदेशक से अनुरोध करते हैं कि वे संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करें। विशेषज्ञ टीम से अनुरोध है कि वे सही विकल्प पर राय तैयार करें और कल दोपहर 12 बजे तक रजिस्ट्रार को राय भेजें। सर्वोच्च अदालत के रजिस्ट्रार जनरल को आईआईटी दिल्ली के निदेशक को आदेश से अवगत कराने को भी कहा गया है।

नेशनल हेराल्ड केस

# स्वामी, सोनिया, राहुल से लिखित नोट दाखिल करने के निर्देश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से दलीलों पर संक्षिप्त नोट दाखिल करने को कहा है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की अदालत ने सुब्रमण्यम स्वामी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को इसके लिए 4 हफ्ते की मोहलत दी। अदालत ने कहा कि इसके बाद लिखित दलीलें 15,000 रुपये के जुर्माने के साथ स्वीकार की जाएंगी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की अदालत ने इस मामले में अब 29 अक्टूबर की तारीख दी है। इस दिन विभिन्न पक्षों की ओर से बहस होगी। अदालत भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें नेशनल हेराल्ड मामले में निचली अदालत के समक्ष साक्ष्य पेश करने की मांग की गई थी। इस मामले में सोनिया गांधी एवं अन्य आरोपी हैं।

### क्या है मामला ?

इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने 22 फरवरी, 2021 को सोनिया गांधी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) के महासचिव ऑस्कर फर्नांडीस (दिवंगत), सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और यंग इंडिया को नोटिस जारी किया था। अदालत ने इस नोटिस में सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए थे। साथ ही मामले की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगली सुनवाई तक मामले पर निचली अदालत की कार्यवाही पर अंतरिम रोक जारी रहेगी। कांग्रेस नेताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस चीमा और तरन्नुम चीमा ने अदालत में दलीलें रखी। सुब्रमण्यम स्वामी ने 11 फरवरी, 2021 के ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। इसमें सुब्रमण्यम स्वामी गांधी परिवार एवं अन्य आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए सबूत पेश करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने याचिका दाखिल की थी लेकिन ट्रायल कोर्ट ने इसको खारिज कर दिया था। ट्रायल कोर्ट ने कहा था कि मामले में जांच पूरी होने के बाद साक्ष्य पेश करने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 244 के तहत स्वामी के आवेदन पर विचार किया जाएगा।



# पंडियन ने BJP से डील नहीं की : पटनायक

## 'यह पूरी तरह से झूठ, प्रेरित, अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण है'

**एजेंसी । भुवनेश्वर**

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक अपने पूर्व सहयोगी वीके पांडियन के सपोर्ट में आए हैं। उन्होंने उन दावों को खारिज किया है, जिनके मुताबिक पांडियन ने राज्य में BJD को विधानसभा चुनाव में हार दिलाने के लिए BJP से डील की थी। दरअसल ओडिशा विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 78 सीटें जीतकर पांच बार के सीएम पटनायक को सत्ता से बाहर किया था। बीजेडी को केवल 51 सीटें मिलीं। नवीन पटनायक ने सोमवार को सोशल मीडिया साइट X पर एक पोस्ट में कहा कि पूर्व ब्यूरोक्रेट पांडियन के बारे में मीडिया में जो भी बातें कहीं जा रही हैं, वे सभी गलत और निराधार हैं। इसके साथ उन्होंने एक मीडिया रिपोर्ट भी शेयर की, जिसमें पांडियन पर भाजपा से डील करने का दावा किया गया था।

### पटनायक बोले- पांडियन ने ईमानदारी से राज्य और पार्टी के लिए काम किया



रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पंडियन ओडिशा में बीजेडी को कमजोर करने के लिए बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सौदा करने की कोशिश कर रहे थे। इस रिपोर्ट को लेकर पंडियन ने तो कोई जवाब नहीं दिया, लेकिन नवीन पटनायक उनके उनके बचाव में आ गए। नवीन पटनायक ने लिखा कि यह पूरी तरह से झूठ, प्रेरित, अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण है। मैंने पहले भी कहा है कि पंडियन ने पूरी निष्ठा, कुशलता और ईमानदारी के साथ राज्य और पार्टी की सेवा की है। उन्हें इन्हीं गुणों के लिए जाना और सम्मानित किया जाता है।

# वाल्मिकी घोटाले में पूर्व मंत्री नागेंद्र को झटका

## 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी । बेंगलुरु**

कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी नागेंद्र की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उन्हें यहां की एक विशेष अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। बता दें, अदालत ने यह फैसला महर्षि वाल्मिकी जनजातीय विकास निगम में हुए कथित घोटाले की जांच के सिलसिले में लिया है। बेल्लारी ग्रामीण कांग्रेस विधायक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में थे। आज उनकी हिरासत समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां संघीय जांच एजेंसी ने और हिरासत की मांग नहीं की।



### यह था मामला?

कर्नाटक की महर्षि वाल्मिकी अनुसूचित जनजाति विकास निगम में लेखा विभाग के अधीक्षक चंद्रशेखर पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा था। इसके बाद निगम में बड़ा घोटाला सामने आया। नोट में निगम के खाते से 187 करोड़ रुपये अवैध तरीके से ट्रांसफर किए गए। इसमें से 88 .62 करोड़ रुपये आईटी कंपनी और हैदराबाद की एक सहकारी बैंक में अवैध रूप से भेजे गए। घोटाले का आरोप लगने के बाद अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र ने छह जून को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद ईडी ने नागेंद्र से पूछताछ करने के बाद उन्हें 12 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया था।




### 20 स्थानों की ईडी ने ली थी तलाशी

उनकी गिरफ्तारी से पहले ईडी ने इस महीने की शुरुआत में नागेंद्र और सत्तारूढ़ कांग्रेस विधायक बासनगौड़ा के परिसरों सहित कई स्थानों पर तलाशी ली थी। एजेंसी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज एक मामले में कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में लगभग 20 स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की थी।

कैश फॉर जॉब केस > गुवाहाटी उच्च न्यायालय के निर्देश पर एसआईटी कर रही जांच

# ADO की नियुक्ति मामले में पूर्व APSC अध्यक्ष समेत 31 दोषी

**एजेंसी । गुहावटी**

असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) के नौकरी के लिए नकदी घोटाले में विशेष अदालत के विशेष न्यायाधीश दीपांकर ठाकुरिया ने 2017 में भांगागढ़ पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में सबूतों के अभाव में 11 अन्य को बरी कर दिया, जबकि एक व्यक्ति सरकारी गवाह बना है।




### एक उम्मीदवार की शिकायत पर दर्ज हुआ था केस

बता दें कि इस मामले में नौकरी पाने में असफल रहे एक उम्मीदवार ने शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद एक मामला दर्ज किया गया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि वित्तीय लेनदेन के बदले दूसरे उम्मीदवार के अंक बढ़ाए गए थे। इससे पहले उन्होंने अंकों के सारणीकरण में बदलाव से संबंधित जानकारी के लिए एक आरटीआई दायर की थी और दावा किया था कि उन्होंने इसकी रिपोर्ट के आधार पर शिकायत दर्ज की थी।

### न्यायाधीश ने अभी तक नहीं की सजा की घोषणा

पूर्व एपीएससी अध्यक्ष राकेश कुमार पॉल, आयोग के दो अन्य सदस्यों, बसंत कुमार डोले और समेदुर रहमान और अन्य अधिकारियों और बिचौलियों को कृषि विकास अधिकारियों की भर्ती परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों के अंकों में हेराफेरी करने के मामले में दोषी ठहराया गया था। हालांकि न्यायाधीश ने अभी तक दोषी व्यक्तियों की सजा की घोषणा नहीं की है।

### फिलहाल जमानत पर रिहा हैं राकेश कुमार पॉल

राकेश कुमार पॉल, एपीएससी के अन्य सदस्यों और अधिकारियों के साथ, सिविल, पुलिस और अन्य सेवा अधिकारियों की भर्ती के लिए संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) से संबंधित एक अन्य नकद-नौकरी मामले के संबंध में गिरफ्तार किए गए थे। एपीएससी में नौकरी के बदले नकदी घोटाले के मामले में असम पुलिस ने साल 2016 से राकेश कुमार पॉल और 57 सिविल सेवा अधिकारियों समेत लगभग 70 लोगों को गिरफ्तार किया था। जानकारी के मुतबिक राकेश कुमार पॉल को नवंबर 2016 में डिब्रूगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया था और मार्च 2023 में जमानत पर रिहा किया गया था। फिलहाल गुवाहाटी उच्च न्यायालय के निर्देश पर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) की तरफ से सीसीई से संबंधित मामले की जांच की जा रही है।

# तीन साल में मंत्रियों ने दिए 913 आश्वासन, इनमें 583 लागू

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए संसदीय कार्य राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने बताया कि नीतियों में बदलाव और संशोधन की आवश्यकता के कारण कुछ आश्वासनों को लागू नहीं किया जा सका है। उन्होंने आगे बताया कि इन आश्वासनों को आश्वासन की तिथि से तीन महीने की अवधि के भीतर पूरा किया जाना जरूरी है। हालांकि, कुछ आश्वासनों को समय पर लागू नहीं किया जा सका और आश्वासन समिति से समय-सीमा बढ़ाए जाने की मांग की गई है।



### 'संसदीय कार्य मंत्रालय ने बनाया है खास सॉफ्टवेयर'

वहीं वाईएसआरसीपी सांसद रयागा कृष्णैया की तरफ से पूछे गए सवालों का उत्तर देते हुए मंत्री एल. मुरुगन ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्रालय ने ऑनलाइन आश्वासन निगरानी प्रणाली (ओएएमएस) नामक एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है और सभी मंत्रालयों को आईडी और पासवर्ड भी दिए गए हैं। सभी मंत्रालय इस पोर्टल पर कार्यान्वित रिपोर्ट अपलोड, किसी आश्वासन को छोड़ने का अनुरोध और आश्वासनों की पूर्ति के लिए विस्तार की मांग कर सकते हैं। जिसमें आश्वासनों के समय पर कार्यान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं।

### किस सत्र में कितने दिए गए आश्वासन?

जानकारी के मुताबिक संसद के 253वें सत्र में कुल 120, 254वें सत्र में 105, 255वें सत्र में 25, 256वें सत्र में 221, 257वें सत्र में 70, 258वें सत्र में 95, 259वें सत्र में 118, 260वें सत्र में 99, 261वें विशेष सत्र में शून्य आश्वासन और 262वें सत्र में 60 आश्वासन दिए गए थे।